# राजस्थान की राजनीति

Tni आवाज़ | HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज | हिन्दुस्तान पत्रिका HINDUSTAN KI AWAZ

E-mail: tniawaz.news@gmail.com | आपकी आवाज के साथ.... | RAJHIN/2012/43137

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, सोमवार 15 अप्रैल, 2024 | वर्षः 2 | अंकः 170 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.


# भाजपा का संकल्पः 3 करोड़ गरीबों को घर, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज

## भाजपा ने जारी किया 'संकल्प पत्र'

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा पार्टी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इसे 'संकल्प पत्र' नाम दिया गया है। घोषणा पत्र में समृद्ध भारत, महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों के उत्थान पर विशेष फोकस किया गया है। घोषणा पत्र दिल्ली के भाजपा मुख्यालय पर जारी किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सहित पार्टी के अनेक दिग्गज नेता मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार करना पड़ा है। इसका एक बड़ा कारण है। 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। भाजपा के संकल्प पत्र में महिलाओं, गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों पर विशेष फोकस किया गया है।

### संकल्प के मुख्य बिंदु

-गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना 2029 तक देने का वादा।

-70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज का वादा।

-मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 20 लाख रुपए की जाएगी।

-गरीबों को 3 करोड़ घर दिए जाएंगे।

-एक राष्ट्र, एक चुनाव और एक सामान्य मतदाता सूची प्रणाली शुरू की जाएगी।




### मजदूर वर्ग को ई-श्रम योजना से मिलेगा लाभ

बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया है कि गिग वर्कर्स, टैक्सी ड्राइवर, ऑटो ड्राइवर, घरों में काम करने वाले श्रमिक, माइग्रेंट वर्कर, ट्रक ड्राइवर और कुली सभी को ई-श्रम पर जोड़कर कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करेंगे।

### भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर जाने का वादा

बीजेपी ने अपने मेनिफेस्टो में वादा किया है कि आगे विश्व भर में थिरुवल्लूवर कल्चर सेंटर के माध्यम से भारत की संस्कृति को विश्व में ले जाया जाएगा। भारत की क्लासिकल भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था को उच्च शिक्षण संस्थानों में किया जाएगा।

### एकलव्य स्कूल और टूरिज्म को बढ़ावा

बीजेपी ने मोदी की गारंटी के तहत वादा किया है कि हर वंचित वर्ग को वरीयता दी है। 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित किया जाएगा। एकलव्य स्कूल, पीएम जनमन, वन उत्पादों में वैल्यू एडिशन और इको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा। ओबीसी, एसी और एसटी समुदाय को जीवन के हर क्षेत्र में सम्मान दिया जाएगा।

### विश्व भर में रामायण उत्सव मनाएंगे

बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में भारत को ग्लोबल हब बनाने और युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है। आगे विश्व भर में रामायण उत्सव मनाएंगे। अयोध्या का और विकास किया जाएगा। बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में वादा किया है कि भारतीय न्याय संहिता भी लागू होगी। वन नेशन वन इलेक्शन और कॉमन इलेक्टोरल रोल की भी व्यवस्था आएगी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में बीजेपी के चुनावी घोषणा पत्र का संक्षिप्त खाका जनता के सामने रखा। मोदी ने गारंटी देते हुए 3 करोड़ गरीबों को नए घर, घर-घर तक सस्ती गैस पाइपलाइन, पीएम सूर्यघर योजना के तहत बिजली बिल जीरो करने, मुद्रा योजना की सीमा 10 से 20 लाख तक बढ़ाने, दिव्यांग साथियों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता और ट्रांसजेंडर्स को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने का वादा किया है।

### नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी

बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया है आयुष्मान भारत से पांच लाख का इलाज मुफ्त मिलता रहा है। आगे भी यह योजना जारी रहेगी। पारदर्शी परीक्षाओं से लाखों को रोजगार मिला। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी। हर नागरिक को अच्छी शिक्षा लागू होगी।

### युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी

बीजेपी ने मोदी की गारंटी में देशवासियों से वादा किया है कि युवाओं के लिए इनवेस्टमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप, खेल, हाई वेल्यू सर्विस और पर्यटन के लिए नए मार्ग खुलेंगे।

### 3 करोड़ लखपति दीदी योजना

बीजेपी के संकल्प पत्र में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाकर महिलाओं को सशक्त बनाने का वादा किया है। इस कल्याणकारी योजना के तहत महिलाओं के समूह को मदद दी जाएगी। साथ ही सर्वाइकल कैंसल, ब्रेस्ट कैंसर जैसी घातक समस्याओं पर भी ध्यान दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए शौचालय का निर्माण किया जाएगा। बीजेपी के संकल्प में बीज से बाजार तक किसानों की आय पर फोक्स किया गया है। श्री अन्न को सुपर फूड में बदला जाएगा। नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती से जमीन की सुरक्षा की जाएगी। मछुआरों के लिए नाव का हीमा, सैटेलाइट की ओर से समय पर जानकारी को मजबूत किया जाएगा। सी वीड और मोदी की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# भाजपा का संकल्प पत्र देश के हर वर्ग का हितैषी : डॉ. सतीश पूनियां

## हरियाणा में सभी 10 सीटें, देश में 400 सीटें जीतने का संकल्प होगा पूरा

राजस्थान की राजनीति



**हिसार(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश लोकसभा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां ने लोकसभा चुनाव को भाजपा की ओर से जारी संकल्प पत्र को देश के हर वर्ग का हितैषी व जनता की उम्मीद बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में केवल वही बातें कही हैं, जो पूरी की जा सकें। डॉ. सतीश पूनियां पार्टी जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में लोकसभा चुनावों का बिगुल बजा हुआ है, पहले व दूसरे चरण का प्रचार अभियान जोरों पर है। दो चरणों की तैयारियां व पार्टी को मिल रहे जनसमर्थन को देखते हुए हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 पार का आंकड़ा आसानी से पार कर लेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है, संकल्प पत्र जारी करने से पूर्व जनता से सुझाव भी मांगे गए और जनता से मिले सुझावों के अनुरूप ही पार्टी ने अपना संकल्प पत्र तैयार करके जारी किया है। उन्होंने कहा कि पहले दो बार सरकारों का नेतृत्व करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के हर क्षेत्र में कायाकल्प करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और अब तीसरी बार सरकार बनने के बाद देश में जो परिवर्तन होंगे, उसे दुनिया देखेगी। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के संकल्प भी धरातल पर लागू हो चुके हैं। डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि वर्ष 2014 में विशुद्ध राजनीतिक क्रांति हुई और एनडीए ने पूर्ण बहुमत से केन्द्र में सरकार बनाई। अगले पांच साल बाद जनता ने भाजपा को और बड़ा जनादेश दिया, जिसके चलते भाजपा अपने दम पर सरकार बनाने में सफल रही है और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है, जो अवश्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि 10 साल के शासनकाल में केन्द्र सरकार ने जो विकास कार्य करवाएं हैं, उससे देश के सभी वर्गों की उन्नति के साथ वैचारिक व बुनियादी मुददों का समाधान हुआ है। इसी तरह राम मंदिर निर्माण व धारा 370 खत्म करने वाले ऐसे ऐतिहासिक निर्णय भी मोदी शासन में हुए। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के हरियाणा प्रभारी होने के नाते वह प्रदेशभर के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के दौरे पर हैं। हिसार में बैठक हुई।। इससे पहले अन्य लोकसभा क्षेत्रों की बैठकें की गई है। हर जगह से बहुत अच्छा रिस्पांस है, जिसके चलते हम कह सकते हैं कि प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। पत्रकार वार्ता में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, हिसार जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, जींद जिला अध्यक्ष राजू मोर, हिसार लोकसभा प्रभारी अमरपाल राणा, सह प्रभारी रवि सैनी, जिला महामंत्री अशोक सैनी व आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया, लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपरा व सुरेश गोयल धूपवाला, सोशल मीडिया प्रमुख अमर पातड़ सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित र4।

## अब भाजपा में पद्मश्री का तांता, गुलाबों, भट्ट सहित कई शामिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** लोकसभा चुनावों से पूर्व भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। अब तक मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों के करीब 10, 000 से अधिक नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं। वहीं अब पद्मश्री अवार्डी प्रतिभाओं को भी भाजपा भा गई है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के दौरान राजनैतिक पार्टियों का विस्तार जारी है। पार्टियों में सिर्फ भाजपा ऐसी पार्टी है जहां अमूमन रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। कई अन्य दलों के नेता, कई सेवानिवृत्त अधिकारी और कई सामाजिक सेवा से जुड़े लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। रविवार 14 अप्रैल को राजस्थान के कई अवार्डी कलाकार भाजपा में शामिल हो गए। इनमें पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट और कालबेलिया नृत्यांगना गुलाबो सपेरा सहित 8 पद्मश्री अवार्डी शामिल हैं। कलाकारों का कहना है कि वर्ष 2014 से पहले जब वे विदेश में जाते थे तो उन्हें लाइनों में खड़ा रहना पड़ता था। अब उन्हें बहुत सम्मान मिलता है। कालबेलिया डांसर गुलाबो का कहना है कि देश में मोदी सरकार के कार्यकाल में महिलाएं और बेटियां सम्मान से आगे बढ़ रही है।

# मोदी राज में किसी की आंख उठाकर देखने की हिम्मत नहीं: भजनलाल

राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चुनाव प्रचार में अब कांग्रेस पर अधिक हमलावर हो गए हैं। भजन लाल शर्मा चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए रविवार को सीकरी पहुंचे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम, वैर भुसावर विधायक बहादुर सिंह कोली, भरतपुर लोकसभा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली, सहित कई बीजेपी के विधायक और नेता मौजूद रहे। इस दौरान कई समाजों ने सीएम का स्वागत किया।

### 2014 के बाद किसी आतंकी ने आंख उठाकर नहीं देखा

सीएम ने कहा कि, 2014 के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। अब गरीब कल्याण की योजनाएं गरीबों के पास जा रही हैं। हमारी सीमाओं की सुरक्षा बढ़ी है। हमारे देश का विश्व में सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस के प्रधानमंत्री कहते थे कि, केंद्र से 1 रुपया जाता है और, गरीब के पास जाने तक वह 15 पैसा रह जाता है। कांग्रेस के लोगों की नियत में खोट था। रुपये में कट मनी



लगती थी इसलिए रुपये कम हो जाते थे। अब अगर दिल्ली से 100 रुपये चलते हैं तो, जनता को पूरे 100 रुपये मिलते हैं। बीजेपी की सरकार ने दिल्ली मुंबई हाईवे का विकास किया। देश के सभी जिलों में मेडिकल पहुंचाने का काम पीएम नरेंद्र मोदी ने किया है। 2014 से पहले आतंकवादी आते थे और बम फोड़कर चले जाते थे। 2014 के बाद किसी आतंकवादी ने आँख उठाकर नहीं देखा। एक बार देखा तब अंदर घुसकर मारने का काम किया था। ईआरसीपी का पानी भरतपुर के छोटे-छोटे बांधों में आएगा। 70 साल कांग्रेस पार्टी ने राज किया। 70 साल के बाद भी कोई सड़क की मांग करता है तो, स्कूल की मांग करता है, कोई हॉस्पिटल की मांग करता है। कोई बिजली की मांग करता है। हर घर में अब बिजली पहुंचाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। नल से जल देने का काम किया जा रहा है। ईआरसीपी की योजना को कांग्रेस ने लटकाने का काम किया था। हमें 90 दिन काम करने का मौका मिला। जिसके बाद आचार संहिता लग गई। कांग्रेस ने हर बजट में ईआरसीपी का जिक्र किया लेकिन, उस जिक्र की फ़िक्र कभी कांग्रेस ने नहीं की, अगर फ़िक्र की तो बीजेपी ने की, ईआरसीपी लाने का काम पीएम नरेंद्र मोदी ने किया है। सीकरी बांध बनेगा और छोटे बाधों में ईआरसीपी का पानी जाएगा। हम जनता के बीच रहते हैं। जनता की सुनते हैं जो वादा करते हैं उन्हें पूरा करने का काम करते हैं। क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। हम सपने नहीं हकीकत बुनते हैं। विधानसभा चुनावों में जो हमने संकल्प पत्र दिया था उसे 45 प्रतिशत पूरा करने का काम हमने किया है। आने वाले समय में ईआरसीपी का शिलान्यास होगा और उद्घाटन भी हम करेंगे। जिसके लिए जमीन अवाप्ति का काम हमने शुरू कर दिया है। महिलाएं कितनी दूर से पानी लेकर आती हैं। इस दर्द को 70 साल तक किसी ने नहीं जाना।

# कांग्रेस में है वंशवाद, भाजपा में नहीं: दीया कुमारी

## जालौर में जनसभा को किया सम्बोधित

राजस्थान की राजनीति

**जालोर(निसं.)।** जालोर में डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने रविवार को भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम के समर्थन में सभा की। डिप्टी सीएम के साथ कानून मंत्री जोगाराम भी जालोर पहुंचे। भीनमाल रोड पर स्थित बागरा में सेठ सांवरिया मंदिर में दीया कुमारी ने जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वे जालोर शहर पहुंचीं और डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को माला पहनाई। जालोर के बागरा पहुंची डिप्टी सीएम व कानून मंत्री जोगाराम पटेल का बागरा भाजपा मंडल की ओर से स्वागत किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि इस बार जालोर में एक तरफ कांग्रेस के प्रत्याशी हैं जो पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के रूप में पहचान रखते हैं, जो कभी कार्यकर्ता व जनता के बीच नहीं आए और दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम हैं जो हमेशा जनता के बीच रहते हैं।
दीया कुमारी ने कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी हैं जो वंशवाद नहीं करती। जो जातिवाद व पक्षपात नहीं करती।



जो योग्य है उसकी पूरी परीक्षा लेने के बाद पार्टी का काम करने वाले व्यक्ति को आगे भेजती हैं। लुंबाराम ने 15 साल तक पार्टी का कार्यकर्ता बनकर सेवा की तब जाकर अब पार्टी ने इन्हें लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने भी जनसभा को संबोधित किया। सभा के बाद दीया कुमारी सड़क मार्ग से जालोर के भीमराव अम्बेडकर सभा स्थल पहुंचीं जहां बाबा साहब की प्रतिमा को माला पहनाई। इस दौरान अम्बेडकर सेवा समिति की ओर से दीया कुमारी का स्वागत किया। साथ ही दिया ने भैरूनाथ अखाडे में पहुंच कर नाथजी का आशीर्वाद लिया। अंत में आहोर रोड पर स्थित विजय पैराडाइज में कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ लोगों से मुलाकात कर चर्चा की गई। इस दौरान मंच पर आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह राव, ओबाराम देवासी, लोकसभा संयोजक नारायण सिंह देवल, भाजपा संगठन प्रभारी महेंद्र बोहरा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया तंज

# भारत माता की जय बोलने के लिये भी कांग्रेस में इजाजत लेनी पड़ती है : मोदी

राजस्थान की राजनीति

**मैसूर।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक के मैसूर पहुंचे। यहाँ उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। भाजपा के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज बीजेपी ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है जो मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी है कि 3 करोड़ घर और बनेंगे।

यह मोदी की गारंटी है कि गरीबों को अगले पांच साल तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा। यह मोदी की गारंटी है कि 70 साल से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज मिलेगा। ये मोदी की गारंटी है कि हम 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। ये गारंटी गरीबों के जीवन को बेहतर बनाएगी। पीएम मोदी ने आगे कहा, भाजपा का संकल्प पत्र नये भारत की तस्वीर है। पहले देश जर्जर सड़कों के लिए जाना जाता था। अब, भारत अपने एक्सप्रेसवे के लिए जाना जाता है।

कांग्रेस पार्टी पर वार करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस पार्टी आज टुकड़े-टुकड़े गैंग की सुल्तान बनकर घूम रही है।

देश को बांटने, तोड़ने और कमजोर करने के कांग्रेस के खतरनाक इरादे आज भी वैसे ही हैं। अब तो कांग्रेस देश से घृणा की सारी सीमाएं पार कर चुकी है। कर्नाटक की जनता साक्षी है कि जो भारत के खिलाफ बोलता है, कांग्रेस उसे पुरस्कार में चुनाव का टिकट दे देती है। कर्नाटक की जनता गवाह है कि कांग्रेस देश के बारे में गलत बात करने वाले लोगों को चुनाव टिकट देकर पुरस्कृत करती है। हाल ही में कांग्रेस की एक चुनावी रैली में एक शख्स को भारत माता की जय बोलने के लिए नेताओं से इजाजत लेनी पड़ी। पहले कांग्रेस वंदे मातरम का विरोध किया, और अब उन्हें भारत माता की जय के नारे से नफरत है...यह कांग्रेस के अंत का कारण बनेगा।



### भारत माता की जय बोलने के लिये भी कांग्रेस में इजाजत लेनी पड़ती हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नें कांग्रेस पर हमला करते हुये कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओ को भारत माता की जय बोलने के लिये भी बड़े नेताओ से इजाजत लेनी पड़ता हैं।

पहले, उन्होंने वंदे मातरम का विरोध किया, और अब उन्हें भारत माता की जय के नारे से नफरत है...यह कांग्रेस के अंत का कारण बनेगा।

### आज देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है - फिर एक बार मोदी सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्यप्रदेश के होशंगाबाद में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर मोदी सरकार का नारा दोहराते हुए कहा, अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब मध्य प्रदेश ने पूरे देश को चौंका दिया था और होशंगाबाद ने तो कमाल कर दिया था। यहां से जो लहर उठी थी, वो लहर पूरे देश में फैल चुकी है। आज देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है - फिर एक बार मोदी सरकार।

मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुये कहा कि , आजादी के अनेक दशक तक कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधे या रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाई है। इसी परिवार ने देश में आपातकाल या इमरजेंसी लगाई थी। कांग्रेस ने देश भर में लोकतांत्रिक सरकारों को जब मर्जी पत्तों के महल की तरह गिरा दिया। कांग्रेस ने अपने हिसाब से इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा और जो मन किया वो लिखवाया और खुद का ही महिमामंडन करवाया। कांग्रेस की मानें तो लोकतंत्र तब ठीक चल रहा था, फलफूल रहा था। लेकिन जैसे ही गरीब घर का बेटा प्रधानमंत्री बना वैसे ही कांग्रेस अफवाह फैलाने लगी कि मोदी आया है, संविधान और लोकतंत्र पर खतरा हो जाएगा। कांग्रेस वालों को पता नहीं है। ये बाबासाहेब का जो संविधान है, उसके कारण तो मोदी यहां पहुंचा है।

अब तो कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। आग देश में नहीं, बल्कि आग और जलन उनके दिलों में लगी है। ये जलन उनके दिल और दिमाग में ऐसे भरी पड़ी है कि वो उनको अंदर से जला रही है।

### गुजरात को लेकर पीएम मोदी बोले...

गुजरात की जनता ने जब मुझे जिम्मेदारी सौंपी तो कच्छ की हालत भी ऐसी ही थी। आज पूरे हिंदुस्तान में सबसे तेज विकास करने वाले जिलों में कच्छ का जिला पहुंच गया है। मुंबई में जमीन की जो कीमत होती है, वह कच्छ की हो गई है। मैं यह करके आया हूं, इसलिए गारंटी देता हूं यह भी मैं करके रहूंगा। यहां के एयरपोर्ट में भी पिछली कांग्रेस सरकार ने जमकर रोडे अटकाए थे। नहीं तो यह दो साल पहले ही चालू हो गया होता। कांग्रेस ने जिन्हें दशकों तक नहीं पूछा, मोदी उन्हें पूजता है।

## अंबेडकर जयंती के अवसर पर हिंडोली में निकली वाहन रैली सर्व समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** हिण्डोली कस्बे में रविवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती उल्लास पूर्वक मनाई। इस अवसर पर वाहन रैली निकाली। कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों गांवों से सैकड़ो की संख्या में युवा ,महिला, पुरुष , युवतियों दो पहिया वाहन लेकर नए बस स्टैंड पर पहुंचे ।जहां पर एकत्र होकर बाबा साहब के रथ के साथ डीजे पर झूमते गाते रैली की शुरुआत हुई । नहीं बस स्टैंड से शुरू हुई रैली कृषि गौण मंडी ,पेट्रोल पंप से होती हुई पुराने बस स्टैंड पर पहुंची । जहां पर सभी समाज के अलग-अलग लोगों ने रैली पर पुष्प वर्षा, फल वितरित,ठंडा पानी ,शरबत पिलाकर रैली का स्वागत किया । जिसके बाद रैली रैगर मोहल्ला,बाबा हाडा की गली, खटोड़ की दुकान सहित कई मार्गो से होती हुई तहसील रोड पंचायत समिति के बाहर पहुंची। जहां पर अंबेडकर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । उसके बाद माली छात्रावास में एक मुख्य समारोह का आयोजन हुआ।जिसमें एक दर्जन से अधिक वक्ताओं ने बाबा साहब की जीवनी पर रोशनी डालते हुए विभिन्न जानकारियां दी। समारोह में वक्ता पूर्व सरपंच हिंडोली हनुमान व्यास, पूर्व उप प्रधान हिंडोली ऋतुराज पारीक,कैलाश मीणा, गोकुलराम मीणा, शिवराज खींची, हरिराम मीणा, गिरिराज जोशी,प्रभुलाल सेन,शोजी लाल सैनी, रामेश्वर रैगर, सोना मीणा,अनिल गुर्जर, आदि ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक गौधा, पंकज बरमुंडा, इलियास अंसारी, जगदीश सैनी,महेश सोमानी आदि मौजूद रहे।

## दबलाना में राजपूत समाज की बैठक हुई आयोजित, भाजपा के पक्ष में वोट नहीं करने की शपथ ली



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना कस्बे में शनिवार देर शाम को राजपूत समाज एवं रावणा राजपूत समाज की बैठक गढ चौक में आयोजित हुई। बैठक में लोकसभा चुनावों में गुजरात से भाजपा प्रत्याशी बनें पुरषोत्तम रूपला के द्वारा राजपूत समाज के ऊपर दिए गए विवादित बयान पर विशेष चर्चा करते हुए राजपूत समाज बंधुओ ने भारी रोष प्रकट किया। राजपूत समाज बंधुओ का कहना है कि गुजरात से भाजपा प्रत्याशी बने रुपला का टिकट काटे तथा पार्टी से निष्कासित करें नहीं तो संपूर्ण राजपूत समाज लोकसभा चुनाव में भाजपा का बहिष्कार करेगा। इसको लेकर मौजूद सभी समाज बंधुओ ने रुपला के विवादित बयान पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए भाजपा के पक्ष में वोट नहीं करने की शपथ ली। इस दौरान सरपंच रणजीत सिंह, बलवीर सिंह,राजेंद्र सिंह,सोसर सिंह, नारायण सिंह,रघुवीर सिंह, गजराज सिंह, रणजीत सिंह, विजेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह,हेमन्त सिंह,भंवर सिंह, कुलदीप सिंह,उमेद सिंह,आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

## बच्चे भी लगे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने में पेंटिंग बनाकर दिया मतदान करने का संदेश




राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां चुनाव आयोग ने विभिन्न कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पहल कर रखी है। तो वहीं दूसरी और छोटे-छोटे बच्चे भी आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने में पीछे नहीं है । रविवार को उपखंड के छोटे से गांव धपावन कला के दो बहन भाइयों ने लोकसभा चुनाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पेंटिंग बनाई और जागरूकता का संदेश दिया । दोनों बच्चों द्वारा बनाए गए पेंटिंग सोशल मीडिया पर भी प्रशंसा बटोर रही है । दोनों बच्चे जयपुर में राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 6 व 8 में अध्ययनरत हैं। बच्चों ने कहा कि पेंटिंग के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए उनकी मां नेहा चतुर्वेदी से सीख मिली । बाबा व गीत दोनों बच्चों की मां नेहा चतुर्वेदी एक सोशल वर्कर है ओर सेवा परमो धर्म संस्था की संस्थापिका। जिन्हें क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों के लिए उपखंड स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है।

### आओ बूथ चले अभियान

## रविवार को विशेष अभियान के तहत बूथ एवं घर-घर मतदाता मार्गदर्शिका व पर्ची का हुआ वितरण

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान रविवार को आओ बूथ चले अभियान के तहत जिलेभर में मतदान केन्द्रों एवं घर- घर जाकर मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार आओ बूथ चले अभियान के तहत रविवार को मतदाता परिवारों को मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण, मतदाताओं का वोटर लिस्ट में नाम व क्रमांक की जानकारी प्रदान करना, वीएचए एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम देखने की प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अभियान के दिन मतदान केंद्रों एवं घर- घर जाकर सभी बीएलओ ने मतदान पर्ची व मार्गदर्शिका का वितरण किया। बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर मतदान पर्ची व मार्गदर्शिका के वितरण के साथ-साथ 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# दुर्गाष्टमी पर मेला व पूर्व संध्या पर आज होगी भजन संध्या

राजस्थान की राजनीति

**सोजत रोड (ललित तिवारी)।** समीपवर्ती गांव सवराड़ स्थित सप्त देवी बायोसा मंदिर पर दुर्गाष्टमी पर कल मंगलवार को मेले का आयोजन होगा व पूर्व संध्या पर आज सोमवार को भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में ख्याति प्राप्त कलाकार भजनों की देंगे प्रस्तुतियां। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुचेंगे।



### मंदिर इतिहास

पूजारी भोलाराम प्रजापत बताते हैं कि उनके परिवार के दो सिद्ध पुरुष हुए थे। गेनाराम व उनके काका डायाराम। गेनाराम ने सवराड़ तालाब की पाल पर करीब 12 वर्ष अन्न जल त्याग कर कठोर तपस्या की थी। इस दौरान उन्हें प्रभु दर्शन हुए व रूणेचा धाम रामदेवरा की पगलिया सवराड़ में स्थापित करने का आदेश मिला। दोनों की सिद्ध पुरुष सवराड़ से रामदेवरा पहुंचे। वहां से रामदेवजी की पगलिया, घोड़ा व ध्वजा लेकर रवाना हुए। रामदेवरा से करीब आधा किलोमीटर दूर आने पर तालाब की पाल पर बायोसा का मंदिर स्थित है। वहां से सात देवियां भी इनके साथ रवाना हो गई। गेनाराम ने अपनी शक्ति से इन्हें पहचान लिया व उन्हें सेवा करने में असमर्थता प्रकट करते हुए वहीं रुकने का निवेदन किया। लेकिन वो साथ चलने पर अडिग रही व सेवा के लिए इनके साथ काका डायाराम थे, उनसे सेवा करवाने की बात कहीं। डायाराम सप्त देवियों की प्रतिमा को सिर पर रखकर रवाना हुए। करीब 350 किलोमीटर का सफर तय कर दोनों सवराड़ पहुंचे। सवराड़ गांव के तालाब की पाल के पास प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच सप्त देवियां की प्रतिमा स्थापित कर इनकी पूजा अर्चना शुरू की गई। ग्रामीण बताते हैं कि सप्त देवियां माताजी के दर्शन करने से कई लोगों को असाध्य बीमारियों से छुटकारा मिलने लगा तो धीरे-धीरे लोगों की इस मंदिर के प्रति आस्था बढ़ने लगी। मुख्य मंदिर में बायीं तरफ एक ही पत्थर पर सप्त देवियां की मूल प्रतिमा आज भी प्रतिष्ठित है।पूजारी भोलाराम प्रजापत ने मंदिर का जीर्णोद्धार करवाते हुए सप्त देवियां बायोसा, भैरूजी व रामदेवजी की मार्बल की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा करवा मंदिर को भव्य रूप दिया। नवरात्रि के दिनों में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।चैत्र नवरात्रा में प्रतिवर्ष 9 दिन चलता है हवन प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि में मंदिर में नव दिवसीय दुर्गा सप्तशती हवन चलता है। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु आहुति देकर धर्मलाभ उठाते हैं।सप्तमी पर भजन संध्या व दुर्गाष्टमी पर मेला भरा जाता है। वहीं, रामनवमी के दिन हवन में पूर्णाहुति दी जाती है।

# सड़क ठेकेदार की लापरवाही एवं संबंधित विभाग के अधिकारीयों की अनदेखी से हो रहें हैं हादसे

राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** ग्रामीणों की सुविधा के लिए बन रही धनाव से नैनवा तक 49 करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से 45 किलोमीटर लंबी 7 मीटर चौड़ी सड़क के संवेदक कर्मियों द्वारा कई जगह छोटे-छोटे टुकड़ों में अधूरे सड़क निर्माण कार्य छोड़ने से वाहन चालकों एवं राहगीरों को सुविधा की जगह भारी दुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में बनी दबलाना मेज नदी पर उच्च स्तरीय पुलिया का संवेदक पुलिया निर्माण कार्य पूरा करके जा चुका हैं। पुलिया के दोनों और सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।जिसके चलते कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सड़क ठेकेदार की इस लापरवाही का खामियाजा वाहन चालकों एवं राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारीयों ने भी इस मामले में चुप्पी साध रखी है। ऐसा लगता है कि जैसे किसी भारी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हो। ग्रामीणों का कहना है कि धनाव से नैनवा के बीच चल रहे सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही कई जगहों पर सड़क में गड्ढे पड गए है। समय रहते अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्यो को पूरा नहीं किया गया तो किसी महिला का पति, किसी बहिन का भाई, किसी पुत्र के पिता,किसी मां के लाल,आए दिन सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते रहेंगे। गौर करने कीबात यह है कि मेज नदी





पर बनी उच्च स्तरीय पुलिया के आगे धाबाईयों का नयागांव की ओर वाले हिस्से पर सड़क में खतरनाक मोड़ दे दिया।पता नहीं कौनसे इंजीनियर साहब ने कौनसी दूरबीन से देख कर यह नक्शा तैयार किया है। हद तो तब हो गई जब इसी खतरनाक मोड़ पर गलत साइड में होलासपुरा, लोधा का झोपड़ा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क को भी जोड़ दिया गया। वह भी बगैर चौड़ाई बढ़ाए।जिसकी वजह से बूंदी की ओर से आने वाले वाहनों एवं लोधा का झोपड़ा से बूंदी की ओर जाने वाले वाहनों की एक साइड होने से कई हादसे हो चुके हैं। उक्त स्थान पर खतरनाक सड़क दुर्घटनाएं होने के बावजूद संवेदक एवं संबंधित अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी है।

### उच्च स्तरीय पुलिया पर लगी स्ट्रीट लाइटें भी बनी शो पीस

मेज नदी पर बनी उच्च स्तरीय पुलिया पर रात्रि के समय प्रकाश के लिए स्ट्रीट लाइटें लगी हुई है । परन्तु जलती नही है। पुलिया के संवेदक द्वारा टेस्टिंग के लिए मात्र एक-दो दिन ही लाइटें जलाई गई । उसके बाद महीनों गुजर जाने के बाद भी लाइटें नहीं जलने की वजह से पुलिया पर अंधेरा रहता है?। पुलिया पर लगी स्ट्रीट लाइटें मात्र शोपीस बनकर रह गई है। ऐसा लगता है कि अब इन लाइटों का कोई धणी- धौरी नहीं है।

### एस ई का यह कहना है

उक्त मामले को लेकर इंद्रजीत सिंह मीणा अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग बूंदी से मोबाइल के द्वारा बात करने पर मीणा ने मामले में अन भिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि मुझे आए हुए अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है। मामले की एक्शन से जानकारी लें। एक्शन साहब है की कॉल रिसीव ही नहीं करते।

# राजपूत छात्रावास में समाज के लोगो ने ली शपथ, चुनाव में भाजपा का करेंगे बहिष्कार

### दौसा लोकसभा सीट पर राजपूत समाज का विरोध पड़ सकता है भाजपा को भारी

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** गुजरात से राजपूत समाज द्वारा लगाई चिंगारी अब दौसा तक पहुंच गई है। दौसा के राजपूत छात्रावास में रविवार को करणी सेना के प्रदेश महासचिव माधव सिंह चौहान के नेतृत्व में राजपूत समाज के द्वारा केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और लोकसभा चुनाव में भाजपा का विरोध करने की शपथ ली।चौहान ने कहा कि गुजरात में लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं पुरुषोत्तम रुपाला के द्वारा लोकसभा चुनाव में



एक सभा के दौरान राजपूत समाज और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की गई है। जिसको लेकर राजपूत समाज विरोध कर रहा है इतना ही नहीं करणी सेवा के पदाधिकारी का गुजरात में जानें पर उनका गुजरात में अपमान किया गया और उन्हें गिरफ्तार किया गया ।जो राजपूत समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा और इस लोकसभा चुनाव में दोसा ही नहीं पूरे देशभर में राजपूत समाज बीजेपी का विरोध कर रही है और इस लोकसभा चुनाव में जो भी पार्टी या प्रत्याशी भाजपा और भाजपा के प्रत्याशी को हरायेगा वह उसी का समर्थन व मतदान करेंगे ।राजपूत समाज के इस विरोध के बाद अब भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई है । दौसा लोकसभा में राजपूत समाज के बड़ी संख्या में मतदाता है ऐसे में अब राजपूत समाज इसे और उग्र आंदोलन करने के लिए रणनीति बना रही है।ताकि लोकसभा चुनाव में भाजपा को पटकनी दी जाए और राजपूत समाज की एकता और उसके खिलाफ की गई टिप्पणी का बदला लिया जा सके। हालांकि केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला के द्वारा इस में माफी भी मांग ली गई है।लेकिन राजपूत समाज बीजेपी से रुपाला के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहता है। अब यह तो आने वाला वक्त बताएगा कि राजपूत समाज का यह विरोध बीजेपी को लोकसभा चुनाव में किस करवट बिठाएगा यह तो आने वाली 4 जून के मतगणना के बाद ही तय होगा । लेकिन राजपूत समाज का विरोध भाजपा को लोकसभा चुनाव में भारी पड़ने का अंदेशा है।

# भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** गिरिराज धरण मंदिर में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ रविवार को हुआ। इस अवसर पर गायत्री नगर चमत्कारेश्वर मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा पीजी कालेज, आगरा रोड, सोमनाथ चौराहा, सुंदरदास स्मारक, सरस डेयरी होते हुए गिरिराज धरण मंदिर पहुंची। इस बीच लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, भागवत की आरती उतारी। कथा में आचार्य राजकुमार वैदिक ने भागवत की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा



कि भागवत कथा सुनने से तीन तरह के ताप से व्यक्ति को मुक्ति मिल जाती है। भागवत कथा सभी पापों से मुक्त करने वाली है और कलयुग में तीर्थ का फल प्रदान करने वाली है। कथा में घनश्याम दास महाराज का पावन सानिध्य रहा। आरंभ में कथा यजमान कांता देवी राजेंद्र जैमन, रश्मि भास्कर, पूजा दिवाकर, दिव्य, मुदित, आकाश ने भागवत का पूजन कराया। ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल लाल गुप्ता ने बताया कि कथा में 15 अप्रेल को परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन कपिल देवहुति संवाद, 16 को ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, वामन प्राकट्य, 17 को श्रीराम चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, 18 को बाल लीला गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, 19 को रुक्मिणी विवाह, उद्धव चरित्र एवं 20 अप्रैल को सुदामा चरित्र, द्वादश स्कन्ध व कथा का समापन होगा। कथा समय दोपहर 12.00 से सायं 4 बजे तक रहेगा।कलश यात्रा के दौरान राजेंद्र जैमन, भास्कर जैमन, दिवाकर जैमन, ओम प्रकाश शर्मा, आनंद शर्मा,हंसराज चतुर्वेदी, उमाशंकर शर्मा, मुकेश शर्मा जगदीश शर्मा, नवल किशोर भाकरी, देवनारायण जैमन,कमल पटेल, सहित लोग मौजूद रहे।

# होम वोटिंग का दूसरा चरण 15 अप्रैल को

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में होम वोटिंग के प्रथम चरण में 7 एवं 8 अप्रैल 2024 को 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 2 हजार 99 मतदाताओं ने घर से मतदान की सुविधा का लाभ उठाया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित्रा पारीक ने बताया कि होम वोटिंग के दूसरे चरण के तहत 15 अप्रैल 2024 को अनुपस्थित मतदाताओं के लिए मतदान की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

## आवश्यक रख रखाव के चलते विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** सोमवार को 33केवी दबलाना जीएसएस पर आवश्यक रख रखाव कार्य किया जाएगा जिसके चलते इससे जुड़े 11केवी फीडर दबलाना, होलासपुरा, धाबाईयो का नयागांव, दबलाना बीड,रैन,गोठड़ा,भवानीपुरा, अलोद,खटावदा, धोवडा व सुहरी की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से 2 बजे तक बंद रहेगी। यह जानकारी दबलाना विद्युत ग्रिड ए ई एन इंद्रपाल सिंह के द्वारा दी गई।

## अंबेडकर जयंती पर हिण्डोली कस्बे में निकाली वाहन रैली, सर्व समाज के लोग पुष्प वर्षा कर स्वागत किया




राजस्थान की राजनीति

**बून्दी/पुरुषोत्तम।** हिण्डोली कस्बे में रविवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती उल्लास पूर्वक मनाई। यहां पर वाहन रैली निकाली जो कस्बे का प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। समारोह में सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया। क्षेत्र के दर्जनों गांवों से सैकड़ो की संख्या में युवा ,महिला, पुरुष , युवतियों दो पहिया वाहन लेकर नए बस स्टैंड पर पहुंचे ।जहां पर एकत्र होकर बाबा साहब के रथ के साथ डीजे पर झूमते गाते रैली शुरू की। रैली यहां से शुरू कर कृषि गौण मंडी ,पेट्रोल पंप बस, स्टैंड पहुंची । जहां पर सभी समाज के अलग-अलग लोगों ने रैली पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं कई लोगों ने फल वितरित किए।व ठंडा पानी ,शरबत पिलाकर व फल खिलाकर रैली का जगह जगह स्वागत किया । उसके बाद रैली रैगर मोहल्ला,बाबा हाडा की गली, खटोड़ की दुकान होते हुए चौकी के बालाजी से तहसील रोड पहुंची। वहां से गणेश बावड़ी स्टेडियम से वापस तहसील रोड लौटी। पंचायत समिति के बाहर पहुंचकर जहां पर अंबेडकर साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । उसके बाद रैली सीधे माली छात्रावास में विसर्जित हुई ।जहां पर एक मुख्य समारोह का आयोजन हुआ ।जिसमें एक दर्जन से अधिक वक्ताओं ने बाबा साहब की जीवनी पर रोशनी डाली । समारोह में वक्ता कैलाश मीणा, शिक्षक हरिराम मीणा देवरिया, गोकुलराम मीणा, बाबूलाल रैगर, शिवराज खींची, हरिराम मीणा, गिरिराज जोशी, हनुमान व्यास,प्रभुलाल सेन,शोजी लाल सैनी, रामेश्वर रैगर,केपटन शोजीलाल मीणा,मदन लाल रैगर,मैना मीणा, सोना मीणा,अनिल गुर्जर आदि ने विचार व्यक्त किए। वहीं समाजसेवी शुभम सुवालका द्वारा सभी को शरबत पिलाया गया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक गौधा, पंकज बरमुंडा, ऋतुराज पारीक, इलियास अंसारी, जगदीश सैनी,महेश सोमानी सहित अन्य लोगों मौजूद रहें।

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133 वां जिला स्तरीय जयंती समारोह आयोजित

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर का 133 वां जिला स्तरीय जयंती समारोह जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा खटीकान मोहल्ला स्थित अम्बेडकर पार्क में मनाया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीना ने बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलवन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरान्त अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी श्याम सुन्दर शर्मा द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर छात्रवास अधीक्षक सुरेशचन्द माली, अर्चना मीना, यति शर्मा, महेन्द्र शर्मा, दीपेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार मीना, शिवशंकर शर्मा एवं छात्रवासो के छार्त उपस्थित रहे। अन्त में इस अवसर पर बालकों को फल वितरण किया गया।

## स्वीप टीम ने घुमंतु लोहार परिवारों से 19 अप्रैल को मतदान अवश्य करने की अपील की

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मध्य नजर सतरंगी सप्ताह कार्यक्रम के तहत स्वीप टीम सिकराय ने स्काउट गाइड, एनएसएस एवं युवा केंद्र के स्वयं सेवकों व स्वीप टीम के सदस्यों ने मिलकर घुमंतू लोहार परिवारों से 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने की अपील की तथा मतदान का महत्व बताया और मतदान से संबंधित बैनर पोस्टर को मतदाता जागरूकता हेतु जनसामान्य की नजर आने वाली जगह पर लगाया।

इस दौरान स्वीप स्वीप सिकराय के नोडल प्रभारी धवल सिंह मीणा, मथुरा लाल गुर्जर, ओमप्रकाश मीणा, शंभू दयाल लांगडी, राम भरोसी शर्मा, स्काउट टीचर, एनएसएस प्रभारी एवं सीबीओ कार्यालय के कार्मिक मौजूद रहे।

## भाजपा का ये संकल्प पत्र 76 पन्नों का है, 15 लाख सुझाव भी आए

# पीएम मोदी ने कहा- मैंने कहा था यही समय है, सही समय है, इसमें समाहित निर्णय और कार्य भविष्य को 1000 साल तक प्रभावित करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा-पत्र संकल्प पत्र के नाम से जारी किया है। पार्टी का ये संकल्प पत्र 76 पन्नों का है, जिसमें कई वादे किए गए हैं।

घोषणा-पत्र जारी करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि घोषणा-पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले हैं। इसमें ऑनलाइन माध्यम नमो एप से चार लाख और वीडियो से 10 लाख सुझाव मिले हैं। भाजपा ने कहा कि पिछली सरकारों की अपेक्षा, हमने नागरिकों को पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान किया है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी टैगलाइन के साथ जारी किया है। इस घोषणापत्र को जारी करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश द्वारा आज किए गए निर्णय और कार्य इसके भविष्य पर 1000 साल तक प्रभाव डालेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने लाल किले से कहा था कि आने वाले 1000 वर्षों के लिए भारत का भविष्य तय करने का सबसे अच्छा समय यही है। उन्होंने कहा कि देश के सामने एक बार फिर अवसर है। उन्होंने कहा कि हम इस युग में क्या कदम उठाते हैं और क्या निर्णय लेते हैं यह आने वाले एक हजार सालों में देश की दिशा और भविष्य तय करेंगे हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनों का प्रौद्योगिकी के माध्यम से सख्ती से पालन करेंगे। भाजपा का 2019 का संकल्प पत्र 50 पन्नों का था, जिसमें 75 वादे किए गए थे। 12 कमेटियों ने संकल्प पत्र पूरा करने में अहम भूमिका निभाई थी।




**रेलमंत्री वैष्णव बोले**


### पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर उन्नत कर रहे रेल यात्राएं होंगी आरामदेह



संकल्प पत्र में कहा गया कि हम पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर उन्नत कर रहे है। हम इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क का विस्तार करने के लिए उत्तर, दक्षिण व पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए व्यवहार्यता अध्ययन करेंगे। मोदी सरकार ने 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय मानकों पुनर्निर्माण कर रही है। हमने विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। वंदे स्लीपर ट्रेन के जरिए देश के लोग लंबी दूरी की यात्रा आराम से कर सकेंगे। इसके अलावे देश के प्रमुख शहरों में मेट्रो का बढ़ाया जाएगा। 10 सालों में 20 से अधिक शहरों में मेट्रो की शुरुआत की गई।

**भाजपा नेताओं ने कहा**

### 10 साल के विकास का हिसाब



भाजपा के घोषणापत्र पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। दुनिया भर में टेंशन का माहौल है, सुरक्षा की गारंटी हमारी सरकार ने दी, देश से बाहर जाने पर गारंटी का फ्री बीमा मिलता है।

**वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं**

### विपक्ष बिना पढ़े टिप्पणी न करें



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमारे घोषणापत्र पर बहुत विचार किया गया है। हम संकल्प पत्र में जो वादे किए है, उसे पूरा करेंगे। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि विपक्ष बिना पढ़े कोई टिप्पणी न करे।

**रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा**

### मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोना



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह शुद्ध दिखती है।

**वाणिज्य मंत्री गोयल बोले**

### देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा



वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देश को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाने वाला है। डिफेंस, एडिबल ऑयल, एनर्जी इम्पोर्ट... भारत कब तक दूसरे देशों पर निर्भर रहेगा।

## संकल्प पत्र पर कांग्रेस का तंज

### 2014 में जो कहा, हिसाब नहीं दिया

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित विपक्षी दलों के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत और अमिताभ दुबे ने कहा कि वे अब इतना झूठ बोलते हैं कि कोई उन पर विश्वास नहीं करता है।

**मल्लिकार्जुन खरगे बोले**

### प्रमुख मुद्दे शामिल नहीं



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसा कुछ नहीं किया है जिससे देश के लोगों को फायदा हो। युवा नौकरी के लिए तरस रहे हैं और महंगाई बढ़ गई है।

**पवन खेड़ा बोले**


### उन्हें गोलपोस्ट बदलने की बीमारी



पवन खेड़ा ने कहा कि पिछली सरकारों में से किसी को भी भाजपा की तरह गोलपोस्ट बदलने की 'बीमारी' का सामना नहीं करना पड़ा है। आपने 2014 में जो कहा, 2019 में उसका कोई हिसाब नहीं दिया।

**राहुल गांधी ने कहा**

### 'इंडिया' का प्लान स्पष्ट



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह छलावा है। झूठ का पुलिंदा है। लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करती। इंडिया का प्लान बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती होगी।

## लालू यादव परिवार पर गृहमंत्री राजनाथ का हमला

# राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, देश चलाने के लिए हो

एजेंसी ▶▶ जमुई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिहार के जमुई में जनसभा को संबोधित करते हुए नवरात्र में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के मछली खाने के विवाद पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में मछली खाकर क्या संदेश देना चाहते हैं? यदि कुछ खाते हैं, तो फिर दिखाने की क्या जरूरत है।

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि ये 'राजनीति' शब्द अपना अर्थ भी खो बैठा है और अपना भाव भी खो बैठा है। आरजेडी कहती हैं कि हम बड़े पिछड़ों के पक्षधर हैं? सच्चाई ये है कि ये पिछड़ों के दुश्मन हैं।उन्होंने कहा कि उनके परिवार के लोग क्या बोल रहे हैं? सरकार बनते ही पीएम मोदी को जेल में डाल देंगे? जो लोग खुद ही जेल में हों, कोई बेल पर हों वो मोदी जी को जेल भेजेंगे?

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के मछली खाने के विवाद पर सुनाई खरी-खरी

आरजेडी कहती है कि हम बड़े पिछड़ों के पक्षधर हैं? लेकिन, सच्चाई ये है कि वे ही पिछड़ों के दुश्मन हैं।



**जो कहा था वह पूरा किया**

उन्होंने कहा कि क्या हो गया है लालू जी को? उनके परिवार के लोग क्या बोल रहे हैं कि सरकार बनेगी तो मोदी को जेल भेज देंगे, न नौ मन तेल होगा और न ही राधा नाचेगी। सिंह ने कहा कि सारी दुनिया बोल रही है कि तीसरी बार भी देश का पीएम जो शख्स बनने जा रहा है। उस शख्स का नाम नरेंद्र मोदी है। चुनाव तो औपचारिकता है, देश की जनता ने मोदी को प्रधानमंत्री स्वीकार कर लिया है। जो हम लोगों ने कहा है। वह सब किया है। हमने धारा 370 समाप्त करने की बात कही थी। अयोध्या में राम मंदिर बनकर रहेगा, हम कह रहे थे और आज अयोध्या में राम मंदिर बन गया है।

### भारत का मस्तक देश में ऊंचा रहेगा

उन्होंने कहा कि नवरात्र का पर्व चल रहा है। भारत में रामराज के आगाज को अब दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती है। राम राज उस राज्य को कहते है, जिसमें हर व्यक्ति को दायित्व और कर्तव्य बोध हो। अधिकार बोध नहीं है। हर नागरिक में भाव पैदा हो कि भारत का मस्तक देश में ऊंचा रहेगा। हम तीन तलाक प्रथा को समाप्त करेंगे। हमने जिंदगी में कभी जात, पंथ और धर्म की राजनीति नहीं की है। जिंदगी भर मानवता की राजनीति की है। किसी भी धर्म की माता और बहन के साथ जुल्म होगा, चाहे कोई भले ही उन्हें माफ कर भाजपा बीजेपी उसे माफ नहीं करेगी। राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि देश चलाने के लिए होनी चाहिए।

**प्रियंका गांधी ने साधा पीएम पर निशाना**

### प्रधानमंत्री जनता के मुद्दों से भटक गए हैं

**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी देश की जनता और उनके मुद्दों से कट भटक गये हैं। प्रियंका ने जालोर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल चुनाव के समय एक अजीब सा माहौल बन गया है। आपके ध्यान को भटकाने वाली सारी बातें हो रही हैं। बड़े-बड़े प्रचार हो रहे हैं, अजीब सी बहकी-बहकी सी बातें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम कभी अपनी झूठी वीरता दिखाते हैं तो कभी शेखी बघारते हैं। मांस-मछली की बात करतें है। कभी हवा में उड़ते हैं तो कभी समुद्र के नीचे जाते है। इन बातों से आपके जीवन का क्या मतलब है?



**बंगाल में अधीर रंजन का विरोध**

### बंगाल में कार रोकी और गो बैक के नारे लगाए गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी की कार को उनके लोकसभा क्षेत्र बहरामपुर में शनिवार को रोका गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। अज्ञात युवकों के एक समूह ने अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ वापस जाओ के नारे भी लगाए। चौधरी जब अपने लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंचे थे। तभी अचानक अज्ञात युवकों के एक ग्रुप ने उनकी कार को रोक लिया और गो बैक के नारे लगाए। चौधरी ने इसके लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि यह राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा पिछले साल के नागरिक चुनावों से शुरू की गई प्रथा है।



## खबर संक्षेप

### दर्दनाक हादसे ने छीन ली 4 युवकों की जिंदगी



**प्रयागराज।** बालीघाट-धरमघर मोटर मार्ग पर चिड़ंग के पास रविवार सुबह हुए कार हादसे में मारे गए युवक गांव में पूजा के लिए बागेश्वर से सरयू का जल लेने आ रहे थे। गांव में नवरात्र के अवसर पर पूजा का आयोजन किया गया था। पूजा के लिए गंगाजल लेने के लिए यह युवक रविवार तड़के बागेश्वर आ रहे थे।चिड़ंग गडेरी के पास कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### बस-ट्रक में भिड़ंत, गाड़ी पलटी, 22 बच्चे घायल



**देहरादून।** खटीमा चटिया फार्म में मुख्यमंत्री के सभास्थल के लिए जा रही एक बस बिगराबाग चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार करीब 22 बच्चे घायल हो गए। घायलों को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही सीएम पुष्कर सिंह भी घायल बच्चों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे।

### नकापुर राजघराने में कुंवर विक्रम की मौत



**गोंडा।** जिले के मनकापुर राजघराने में युवराज की असामयिक मौत की खबर है। कुंवर विक्रम सिंह का शनिवार रात हार्टअटैक से निधन हो गया। कुंवर विक्रम की असामयिक मौत की सूचना पर लोग स्तब्ध रह गए। वे सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के चचेरे भाई थे। पूरा मंगल भवन परिसर शोक में डूब गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए समर्थकों सहित अन्य लोगों की भीड़ जुट गई।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संदेशखाली मामले पर सौंपी रिपोर्ट

# टीएमसी कार्यालय में ही महिलाओं के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया

### इसके बाद पीड़ितों को आरोपियों के साथ समझौता करने के लिए दबाव भी डाला गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता नई दिल्ली

बंगाल का संदेशखाली सुर्खियों में है। महिलाओं ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख पर गंभीर आरोप लगाए थे। अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अपनी जांच रिपोर्ट में भी गंभीर आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कार्यालय में महिलाओं के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया। इस रिपोर्ट को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी को सौंप दिया गया है। साथ ही इसकी एक कॉपी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भेजी गई है। जांच रिपोर्ट आरोपों पर स्वतः संज्ञान लेने के बाद आयोग ने तैयार की थी। यह बंगाल के गांव के दौरे और कथित पीड़ितों के साथ बातचीत पर आधारित है। रिपोर्ट आने के बाद टीएमसी ने एनएचआरसी को भाजपा का 'फ्रंटल संगठन' करार दिया और कहा कि रिपोर्ट पार्टी कार्यालय में तैयार की गई है।

**55 दिन तक फरार रहा आरोपी, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान**



शाहजहां पहली बार जनवरी की शुरुआत में तब सुर्खियों में आया जब उसके आवास पर तलाशी लेने गई ईडी की टीम पर उसके समर्थकों ने हमला कर दिया। उस दौरान वह भाग गया और एक महीने बाद संदेशखाली में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसमें महिला निवासियों ने आरोप लगाया कि शाहजहां के सहयोगी वर्षों से उनका यौन उत्पीड़न कर रहे थे। महिलाओं ने कहा कि उसका प्रभाव कम हो गया है, इसलिए उन्हें बोलने में आत्मविश्वास महसूस हुआ। 55 दिन तक भागने के बाद शाहजहां को 29 फरवरी को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर शिकायतों की जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

**डर, कलंक से बचने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई**

एक महिला ने एनएचआरसी टीम के सामने खुलासा किया कि लगभग एक साल पहले हाजरा और सरदार ने उसके साथ दो-तीन बार बलात्कार किया था। अब भी वह इन आरोपियों के डर और सामाजिक कलंक के कारण पुलिस में बलात्कार की रिपोर्ट करने को तैयार नहीं है।

**महिला आयोग के दबाव में मामला दर्ज**

एक अन्य महिला ने एनएचआरसी टीम के सामने खुलासा किया कि 2022-2023 की सर्दियों में उसके पति को आरोपियों के सहयोगियों ने जबरदस्ती उठाया था और रात 2 बजे तक काम करने के लिए मजबूर किया था। वह उसे ढूंढते हुए पार्टी कार्यालय में गई, तो उसे गलत तरीके से छुआ गया।

### महिलाओं को शाहजहां से मिलने को कहा जाता था

रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग हर पीड़ित ने एनएचआरसी टीम को बताया है कि पुलिस ने हाजरा, सरदार और उसके सहयोगियों के खिलाफ उनकी शिकायतों का जवाब नहीं दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि उन्हें सीधे आरोपी या उनके संरक्षक शाहजहां से संपर्क करने और समझौता करने की सलाह दी गई। आरोपियों द्वारा महिलाओं को 'पार्टी बैठकों और स्वयं सहायता समूहों की बैठकों के बहाने' टीएमसी कार्यालय में बुलाया जाता था।

### युवा और अच्छी दिखने वाली महिलाओं को टारगेट किया


युवा और अच्छी दिखने वाली महिलाओं को विशेष रूप से टारगेट किया गया था। उन्हें संदेशखाली स्थित टीएमसी कार्यालय के कमरे के अंदर ले जाया गया और सामूहिक बलात्कार किया। अन्य महिलाएं भोजन बनाने, सफाई आदि जैसे काम में लगी हुई थीं।

**चुनावी बांड पर कंपनियों पर कार्रवाई**

# मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पर भी एफआईआर दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित तौर से रिश्वत देने के एक मामले में एफआईआर दर्ज की है। यह कंपनी चुनावी बांड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है और इसने 966 करोड़ रुपए का चुनावी चंदा दिया था। इसमें भाजपा को सबसे ज्यादा 586 करोड़ रुपए का चंदा शामिल है।आरोप है कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपए के बिलों को मंजूरी देने में करीब 78 लाख रुपए की रिश्वत दी गई थी।



### 8 अधिकारियों को भी किया गया नामित

सीबीआई ने एनआईएसपी और एनएमडीसी लिमिटेड के जिन8 अधिकारियों को प्राथमिकी में नामित किया है, उनमें सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक प्रशांत दाश, निदेशक डीके मोहंती, डीजीएम पीके भुइयां, डीएम नरेश बाबू, वरिष्ठ प्रबंधक सुब्रो बनर्जी, सेवानिवृत्त सीजीएम एल कृष्ण मोहन, जीएमके राजशेखर, प्रबंधक सोमनाथ घोष शामिल हैं।

### लगभग सभी पार्टियों को दिया गया चंदा

इस मामले में अब मेघा इंजीनियरिंग को भी आरोपी बनाया गया है। यह कंपनी उस वक्त चर्चा में आई थी, जब निर्वाचन आयोग ने गत 21 मार्च को चुनावी बांड के आंकड़े जारी किए थे। कंपनी ने बीआरएस को 195 करोड़, डीएमके को 85 करोड़ और वाईएसआरसीपी को 37 करोड़ रुपए का चुनावी चंदा दिया था। इसके अलावा तेदेपा को इस कंपनी से करीब 25 करोड़, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपए चंदे के रूप में मिले थे।

**संजय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा**

# घोटाले के किंगपिन को बेल मिल गई, शरद रेड्डी मुख्य घोटालेबाज

- केजरीवाल को फर्जी तरीके से अरेस्ट किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि घोटाले के किंगपिन को बेल मिल गई। खुद ईडी ने शरद रेड्डी को मुख्य घोटालेबाज कहा था। जैसे ही शरद रेड्डी ने केजरीवाल का नाम लिया, वैसे ही उसे बेल मिली।

संजय ने कहा कि फर्जी तरीके से प्रेशर बनाकर दिल्ली के सीएम के खिलाफ गवाह तैयार किए गए। 456 गवाहों में से मात्र 4 गवाहों ने केजरीवाल के नाम का जिक्र किया। ये उन्होंने किन हालात में किया, ये भी हम पता चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम पहले बता चुके हैं कि कैसे फर्जी तरीके से गवाह बनाए गए। ईडी का सरकारी गवाह शरद रेड्डी कोर्ट के पास विदेश जाने के लिए पहुंचा था। इस पर ईडी ने कहा था कि अगर इन्हें विदेश जाने की अनुमति मिली तो ये केजरीवाल के खिलाफ बयान देने नहीं आएंगे। ईडी ने रेड्डी के विदेश जाने का विरोध किया था।



**डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर देशभर ने दी पुष्पांजलि**

# राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब को किया याद, श्रद्धांजलि दी

### उपराष्ट्रपति, स्पीकर ओम बिरला सहित सरकार के मंत्रियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर रविवार को संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कई लोगों ने पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और पी सी मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

**संविधान के शिल्पकार, सामाजिक समरसता के पुरोधा थे**



इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर के संघर्षों ने लाखों लोगों के भीतर उम्मीद जगाई। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूज्य बाबासाहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा हैं, जिन्होंने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें मेरा सादर नमन।

**धनखड़ ने सामाजिक न्याय का समर्थक बताया**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत के महान सपूत बाबासाहेब न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय के समर्थक भी थे। उन्होंने कानून के शासन, नागरिक स्वतंत्रता, लैंगिक समानता और हाशिए पर मौजूद वर्गों के सशक्तीकरण को बढ़ावा ढेने में जीवन अर्पित किया।



### राष्ट्रपति ने भीम राव आंबेडकर जयंती की दी शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि हमारे संविधान के निर्माता और सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्र निर्माताओं में से एक, बाबा साहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर, मैं सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।



**नड्डा और बिरला ने भी किया नमन**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत दूसरे नेताओं ने भी बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके कार्यों को याद किया। उन्होंने लिखा, भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक समता के अमर नेता भारत रत्न आंबेडकर को नमन।

चिंतन

# न्याय बनाम संकल्प पत्र पर जन भरोसे की परीक्षा

आम चुनाव से पहले पार्टियों द्वारा घोषणा पत्र जारी करने की परंपरा रही है। घोषणा पत्र के जरिये लोकलुभावन वादों से वोटरों को लुभाने की कोशिश होती है। हालांकि 1952 से हो रहे आम चुनाव में घोषणा पत्रों में किए गए वादे पार्टियों ने शायद ही पूरे किए हैं। केंद्र में चाहे सरकार कांग्रेस या उसके गठबंधन की रही हो या फिर भाजपा नीत गठबंधन की, किसी ने भी चुनाव से पहले किए वादों को पूर्णतः पूरा नहीं किया। इस बार भी लोकसभा चुनाव से पूर्व मिशन 2024 के लिए कांग्रेस और भाजपा ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने अपने 76 पन्नों के मेनिफेस्टो को संकल्प पत्र का नाम दिया है, कांग्रेस ने न्याय पत्र नाम दिया है। गत पांच अप्रैल को कांग्रेस ने 5 न्याय और 25 गारंटी के वादे के साथ अपना 48 पन्नों का घोषणा पत्र जारी किया था और आज भाजपा ने डा. भीम राव आंबेडकर की जयंती के दिन 14 अप्रैल को अपना संकल्प पत्र जारी किया है, इसमें 24 गारंटी के वादे हैं। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के लिए आंबेडकर जयंती का दिन चुनकर एक बड़े वर्ग को सामाजिक न्याय का भरोसा दिया है। उसने अपने संकल्प पत्र में पुरानी योजनाओं को जारी रखने, उनका दायरा बढ़ाने, 2047 तक विकसित भारत बनाने समेत कई बड़े वादे किए हैं। ये बातें पीएम मोदी पहले से ही करते रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने अपने 'न्याय पत्र' में सामाजिक न्याय के साथ युवाओं, महिलाओं और किसानों को केन्द्र में रखकर कई बड़े वादे किए हैं। बारीकी से देखें तो, दोनों घोषणा पत्र गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के ईर्द-गिर्द हैं। कांग्रेस का जोर स्थाई सरकारी नौकरी व महिलाओं को नकद देने पर ज्यादा है। भाजपा की गारंटियों में सभी को स्वास्थ्य बीमा, सभी के लिए बीमा योजना और सभी को पक्का घर देने का वादा प्रमुख हैं। इसमें मूलभूत ढांचे के विकास के साथ-साथ कृषि और रोजगार क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया गया है। भाजपा के घोषणा पत्र को मोदी सरकार 3.0 के अगले पांच सालों के बजट का संकेत पत्र माना जा सकता है। भाजपा के घोषणा-पत्र में समान नागरिक संहिता, एक देश एक चुनाव, अगले पांच साल तक 5 किलो मुफ्त राशन, पेपर-लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाने, मैन्युफैक्चरिंग व इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश, इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार, हाई-वैल्यू सर्विसेज के लिए ग्लोबल सेंटर्स, किसान निधि जारी रखने, 3 करोड़ लखपति दीदी, उत्तर भारत में भी बुलेट ट्रेन, 70 से अधिक उम्र के सभी लोगों व ट्रांसजेंडरों को भी आयुष्मान योजना का लाभ, गरीबों को 3 करोड़ नए घर, रसोई गैस की पाइप से आपूर्ति, 20 लाख तक मुद्रा ऋण जैसे सर्व समावेशी वादे किए गए हैं। 2019 के घोषणा-पत्र में भी भाजपा ने यूसीसी, एक राष्ट्र एक चुनाव, 60 साल की उम्र के बाद देश के किसानों व छोटे दुकानदारों को पेंशन देने आदि जैसे बड़े वादे किए गए थे, जो पूरे नहीं हुए। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में पांच न्याय- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय के साथ जाति जनगणना कराने, गरीब महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपये नकद देने, आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने, 30 लाख सरकारी नौकरी देने, एमएसपी को कानूनी दर्जा, जीएसटी मुक्त खेती, एक वर्ष के भीतर एससी/एसटी के बैकलॉग भरने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, योजना आयोग की बहाली, बुल्डोजर न्याय को खत्म करने, संविधान की रक्षा करने जैसे बड़े वादे किए हैं। अब गेंद जनता के पाले में है कि वह भाजपा या कांग्रेस में से किसकी गारंटी पर भरोसा करती है। यह चुनाव न्याय बनाम संकल्प पत्र पर जन भरोसे की परीक्षा है। चूंकि इस बार का चुनाव पूर्ण बहुमत बनाम गठबंधन सरकार के बीच है, जिसमें भाजपा पूर्ण बहुमत की बात कर रही है, वहीं कांग्रेस इंडी गठबंधन की विजय के लिए कोशिश में है, ऐसे में मेनिफेस्टो में गारंटियों की परीक्षा भी है।

## सारा संसार



महाराष्ट्र में कोल्हापुर से 14 किलोमीटर दूर पुणे-बेंगलुरू राजमार्ग पर चिन्मय गणधीश मंदिर पूरी दुनिया में गणेश की सबसे ऊंची मूर्ति के लिए जाना जाता है। यह प्रतिमा 61 फीट की ऊंचाई पर खड़ी है। इसका उद्घाटन 2001 में किया गया।

आम चुनाव

सोनम लववंशी



# भाषा का गिरता स्तर चिंताजनक

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देश में राजनीतिक सरगर्मियां उफान पर है। पक्ष विपक्ष अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कब सिद्धांतों को धत्ता बता दें यह पता ही नहीं चलता। अभिव्यक्ति के नाम पर अनर्गल बयानबाजी ने राजनीति की शुचिता को तार-तार कर दिया है। 'बोल के लब आजाद हैं तेरे' पंक्ति का शोर आजकल राजनीतिक आबोहवा में गुंजित हो रहा है। ऐसे में मालूम तो यही पड़ता कि जब मशहूर शायर फैज अहमद फैज ने इन पंक्तियों को लिखा होगा तो शायद ही कभी ये सोचा होगा कि देश के राजनेता उनकी इस पंक्ति के सहारे शब्दों की सारी मर्यादा लांघ जाएंगे! यूं तो महिलाओं के प्रति की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों के लिए भारतीय लोकतंत्र सदियों से बदनाम रहा है, लेकिन चुनाव आते-आते विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर को अमर्यादित भाषा के वायरस से कलंकित करने में हमारे राजनेता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अब महिला नेत्री भी इस मुकाबले में पीछे नहीं रही है। बीते दिनों ही कंगना रनौत और ममता बनर्जी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां इसकी ताजा मिसाल हैं, लेकिन महिलाओं पर ऐसे हमले क्यों होते हैं और यह स्थिति कैसे बदलगी? ये कोई नहीं कह सकता। वैसे जब महिला ही महिला को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगे तो स्थिति और असहज हो जाती है। बीते दिनों पश्चिम बंगाल से बीजेपी सांसद दिलीप घोष ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर विवादित टिप्पणी की। यूं तो चुनाव आयोग ने ऐसे बयानों पर चेतावनी देकर इतिश्री कर ली, पर इससे कोई खास फ़र्क नहीं पड़ा तभी तो अभी हाल के दिनों में ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद रणदीप सुरजेवाला ने भी हेमा मालिनी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। अब जरा कोई रणदीप सुरजेवाला को यह बताएगा कि कांग्रेस में भी महिलाएं सांसद-विधायक क्यों बनती हैं? एक पार्टी का जिम्मेदार नेता कैसे अशोभनीय भाषा पर उतारू हो जाता है। यह समझ नहीं आता। विडंबना देखिए कि चुनाव आते ही देश में महिला सशक्तिकरण पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाता है। आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं, लेकिन महिलाओं के साथ छींटाकशी आधुनिक समाज में भी चरम पर हैं। माना कि चुनाव का दौर चल रहा है और जीतने के लिए मुद्दे गढ़े जाते हैं, लेकिन यह कौन सा तरीका हुआ कि महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की जाए। किसी भी महिला के खिलाफ किसी राजनेता को अभद्र टिप्पणी करने का क्या अधिकार है? सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय महिला के साथ शाब्दिक छींटाकशी क्यों? दुःखद तथ्य यह है कि अब तो महिलाएं स्वयं महिलाओं पर अनर्गल प्रलाप कर रही हैं। आज जिस दौर में भारतीय राजनीति में भाषा की गिरावट अपने निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है। राजनेताओं के बोल बिगड़ते जा रहे हैं। उन्हें दूसरे राजनीतिक दल के नेताओ को बुरा बोलने में कोई बुराई नजर नही आती है। फिर सवालों की एक लंबी फेहरिस्त उत्पन्न होती है। क्या उसके उत्तर हमारे लोकतांत्रिक पहरुओं के पास है? पहला सवाल अभिव्यक्ति की आज़ादी ये तो नहीं कहती कि आप किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के मान को भंग करें? फिर आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? राजनीति निजी दुश्मनी अदा करने का कोई अखाड़ा भी नहीं। फिर अमर्यादित होने का क्या निहितार्थ? जब संवैधानिक व्यवस्था में राजनीति का जन्म देश को सुचारू रूप से आगे ले जाने के लिए हुआ। फिर मूल उद्देश्य को क्यों बिसार रहे राजनीति के सिपहसालार?

(लेखक सामाजिक विश्लेषक व वूमन एक्टिविस्ट हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



दो टूक

अवधेश कुमार

# अपराधियों को नायक न बनाएं

माफियाओं, बाहुबलियों, अपराधियों को मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। सजाप्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना कुछ नहीं हो सकता। सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करने वाली है। मुख्तार जैसे लोग नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के घर जाकर उसे महान और मसीहा साबित करने की उस अभियान को आगे बढ़ाया जो उसकी मौत के समय से ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने जेल में रहते हुए मुख्तार को पांच बार विधायक बनाया तो इसका मतलब है कि वह जनता के दुख दर्द में शामिल रहे और उसी का परिणाम है कि जनाजे में इतनी अधिक भीड़ उमड़ी। उन्होंने बांदा जेल में मुख्तार की मृत्यु पर सरकार को घेरा तथा उसकी तुलना रूस में बिना नाम लिए विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में हुई मृत्यु से कर दी। जेल में कैदी की मृत्यु की कानून के अनुसार न्यायिक दंडाधिकारी से जांच आवश्यक है और जांच रिपोर्ट आना बाकी है। मुख्तार अंसारी पिछले लंबे समय से जब भी वीडियो में आया काफी कमजोर दिखता था। व्हील चेयर पर ही उसके बाहर निकलने या अंदर जाने की तस्वीरें आईं थीं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट में अनेक बीमारियां लिखी हुई हैं। इतनी बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति की कभी भी किसी कारण से मृत्यु हो सकती है। वैसे भी बाहुबल और धनबल की बदौलत बादशाहत कायम करने की मानसिकता में जीने वाले व्यक्ति को जेल में आम अपराधी की तरह व्यवहार से मानसिक आघात लगना बिलकुल स्वाभाविक है। मानसिक तनाव, दबाव व हताशा में मनुष्य अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। योगी आदित्यनाथ सरकार के कारण बांदा जेल में वह आम सजाप्राप्त कैदी की तरह ही था। कुछ बुद्धिजीवियों, संगठनों, नेताओं, राजनीतिक पार्टियों आदि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के कोई मायने नहीं हैं। प्रचार यही हो रहा है कि उसे मारा गया है। कुछ दिनों से उसके परिवार और वकील धीमा जहर देने का आरोप एक रणनीति के तहत लग रहे थे, जिसका उद्देश्य जमानत दिलाना या मन मुताबिक किसी जेल में शिफ्ट कराना था। मृत्यु से कुछ दिनों पहले बेटे से बातचीत के ऑडियो से उसके काफी अस्वस्थ व कमजोर होने के साथ गहरी निराशा में डूबे होने का पता भी चलता है।

उसकी मृत्यु पर सपा, बसपा या कुछ अन्य पार्टियों, मजहबी नेताओं आदि ने जिस ढंग का माहौल बनाया है उसने आम व्यक्ति को उद्वेलित किया है। ऐसा कोई कारण नहीं दिखता, जिससे प्रशासन या जेल या सरकार उसे तत्काल गैर कानूनी तरीके से मारने का कदम उठाए। इस समय उसकी मृत्यु से किसी को कुछ भी प्राप्त नहीं होने वाला था। लगातार उसे सजा मिल रही थी और अंतिम समय तक वह जेल में छटपटाते रहता तो इसका संदेश अन्य माफियाओं, बाहुबलियों, अपराधियों के बीच जाता कि ऐसे लोगों के साथ यही होना है। योगी सरकार की दृष्टि से यह स्थिति ज्यादा अनुकूल थी। मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। जितनी संख्या में उसके नमाज ए जनाजा में लोग शामिल हुए वह सामान्य अवस्था का द्योतक नहीं है। ऐसे लोगों के जनाजे में इतने बड़े जन समूह का उभरना मुस्लिम समाज के अंदर बढ़ती ऐसी प्रवृत्ति है जिससे डरने और जिसको हर हाल में रोके जाने की आवश्यकता है। मुख्तार अंसारी न्यायालय द्वारा सिद्ध माफिया, हत्यारा, अपहरणकर्ता , सांप्रदायिक दंगा करने




वाला बाहुबली था। 65 से ज्यादा मुकदमे उसके नाम पर थे जिनमें आठ में उसे सजा दी जा चुकी थी। इनमें दो में उम्र कैद की सजा थी। न्यायालय द्वारा घोषित सजाप्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना कुछ नहीं हो सकता। वे सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ न्यायपालिका पर भी प्रश्न उठा रहे हैं। 2013 में मुंबई बम विस्फोटों के अपराधी टाइगर मेनन के जनाजे में मुंबई में उमड़ी भीड़ ने पहली बार देश को हैरत में डाला था। उस समय से यह एक स्थापित प्रवृत्ति है। अतीक अहमद की हत्या पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न था, लेकिन उसकी मृत्यु पर विशेष नमाज जगह-जगह अदा कर जन्नत की दुआ करना किस बात का द्योतक था? डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की मृत्यु पर इस तरह का दृश्य नहीं था। वस्तुतः उनके जनाजे में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक थी। कांग्रेस के शासनकाल से उत्पन्न राजनीति के अपराधीकरण के भयावह दौर में ऐसे अपराधी और बाहुबली, जिन्हें जेल में होना चाहिए वो विधायक और सांसद बनकर नीति-नियंता बन गए। अतीक, अंसारी या शहाबुद्दीन जैसों की एकमात्र योग्यता यही थी कि वो अपने अपराध के बल पर साम्राज्य कायम कर चुके थे। सैयद शहाबुद्दीन को भी अपराधी होने के बाद ही राजद ने सांसद बना दिया। इनके कारण इन पार्टियों को कुछ क्षेत्रों में मुसलमानों के बड़े वर्ग का वोट भी मिलता था। सांसद और विधायक बनने के बाद इनका अपराध तंत्र ज्यादा फैला और प्रशासन के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई हमेशा कठिन रही। भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या मुख्तार ने जेल में रहते हुए कराई। अतीक जेल से भी पूरा तंत्र चलाता था और पुलिस की तरह ही उसके पास इंटेरोगेशन से लेकर कैद रखने के ढांचे बने हुए थे। शहाबुद्दीन की भी ऐसी ही स्थिति थी।

अगर उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार नहीं होती तो अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, बाबू बजरंगी जैसों का कानून की गिरफ्त में इस तरह आना, मारा जाना या सजा देना कतई संभव ही नहीं होता। जरा सोचिए, मुख्तार अंसारी ने उत्तर प्रदेश के वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की सरेआम हत्या करवाई और आज कांग्रेस उसे अपराधी तक कहने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस ने उसे बचाने के लिए उत्तर प्रदेश से पंजाब की रोपड़ जेल में शिफ्ट कराया तथा उसे वापस न लाया जा सके इसके लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाइयां लड़ी। ऐसी पार्टियों के होते क्या उसे सजा मिल सकती थी? ये पार्टियां भूल रही हैं कि देश ने राजनीति के अपराधीकरण और अल्पसंख्यकवाद के दौर को पीछे छोड़ दिया। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2022 में भाजपा सरकार की वापसी का सबसे बड़ा कारण यही था कि अपराधी और माफिया के विरुद्ध अविश्वसनीय स्तर तक कार्रवाई हुई। योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश नहीं, बल्कि देश में आम लोगों के बीच अपराधियों व माफियाओं के विरुद्ध किसी भी दबाव से परे अडिग रहते हुए कठोरता से कार्रवाई करने वाले नायक के रूप में खड़े हुए हैं तो इसी कारण। उप्र में सभी समुदायों के आम आदमी की प्रक्रिया होती है कि हम अब निर्भय होकर सड़कों पर चल सकते हैं, इसलिए बसपा, सपा या कांग्रेस या अन्य पार्टियां अगर मानती है कि ऐसे अपराधियों के पक्ष में खड़ा होकर वे मुस्लिम वोटों से फिर विजय प्राप्त कर सत्ता पा लेंगे तो यह सपना पूरा नहीं होने वाला, पर इस व्यवहार के कारण सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करने वाली है। मुख्तार जैसे लोग समाज के नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सफलता पाने को मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी




संकलित

दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित

प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

राजस्थान पुलिस अकादमी से 4 ट्रेनी एसआई गिरफ्तार

# डमी कैंडिडेट बैठाकर पास की परीक्षा, एसओजी के डमी एग्जाम में हो गए थे फेल

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले 4 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सभी ट्रेनी एसआई इस दौरान राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में ट्रेनिंग कर रहे थे। रविवार शाम को सेंटर में एसओजी की टीम पहुंचने पर हड़कंप मच गया। कई ट्रेनी एसआई रविवार होने के चलते रिलेक्स मोड पर थे। तभी एसओजी ने एक-एक कमरे से ट्रेनी एसआई का नाम बोलकर उनको अपने कपड़ों के बैग तैयार करने को कहा। इसके बाद चारों एसआई को एसओजी मुख्यालय लेकर आ गई। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि चारों ट्रेनी एसआई ने अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठा कर एसआई भर्ती परीक्षा-2021 को पास किया था। एसओजी ने जो कुछ दिनों पहले डमी परीक्षा ली थी, उसमें यह चारों फेल हो गए थे। इस पर एसओजी को उनकी योग्यता पर शक हुआ। इसके आधार पर इनके दस्तावेजों और सेंटर की जांच की गई तो पता चला कि इन चारों ने डमी कैंडिडेट बैठा कर परीक्षा पास की थी। पूछताछ में चारों ट्रेनी एसआई ने डमी कैंडिडेट परीक्षा में बैठाना स्वीकार कर लिया है। इनमें प्रत्येक ने परीक्षा में पास होने के लिए 15 से 20 लाख रुपए दिए थे। इसमें डमी कैंडिडेट बैठाना और पेपर को खरीदना दोनों काम शामिल थे। बता दें कि एसआई भर्ती-2021 पेपरलीक और डमी अभ्यर्थी केस में अब तक 36 ट्रेनी एसआई और 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। हालांकि, इनमें 11 ट्रेनी की जमानत हो चुकी है। एसओजी को अब उनकी तलाश है जो इन चारों ट्रेनी की जगह परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बन बैठे थे।

### एसओजी ने आरपीए से इन ट्रेनी



### एसआई को किया गिरफ्तार

### 1. हरिओम पाटीदार निवासी गलियाकोट, डूंगरपुर

हरिओम का एसआई भर्ती परीक्षा में मेरिट में 645वां नंबर आया था। प्रकाश पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल निवारू रोड, झोटवाड़ा, जयपुर में सेंटर था और 15 सितंबर 2021 को परीक्षा हुई थी। हरिओम को हिंदी में 200 में से 169.69, सामान्य ज्ञान में 200 में से 118.46 और कुल 400 में से 288.15 अंक मिले थे। उसके इंटरव्यू में 28 नंबर आए । इस प्रकार आरपीएससी के एग्जाम में 316.15 अंक मिले। वहीं, एसओजी द्वारा करवाए गए एग्जाम में हिंदी में 200 में से 55 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 69 अंक ही मिले।

### 2. विक्रमजीत बिश्नोई निवासी बज्जू बीकानेर हाल पार्श्वनाथ सिटी जोधपुर

विक्रमजीत का मेरिट में 1263वां नंबर आया था। श्री जवाहर जैन सेकेंडरी स्कूल उदयपुर में परीक्षा सेंटर था और 13 सितंबर 2021 को परीक्षा हुई थी। विक्रमजीत को हिंदी में 200 में से 158.27, सामान्य ज्ञान में 200 में से 118.91 और कुल 400 में से 277.18 अंक मिले थे। उसके इंटरव्यू में 20 नंबर आए। इस प्रकार आरपीएससी के एग्जाम में 297.98 अंक मिले। वहीं, एसओजी द्वारा करवाए गए एग्जाम में हिंदी में 200 में से 43 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 43 अंक ही मिले।

### 3. श्रवण कुमार गोदारा निवासी बज्जू, बीकानेर

श्रवण कुमार का मेरिट में 1708वां नंबर आया था। गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडोर, जोधपुर में सेंटर आया था और 14 सितंबर 2021 को परीक्षा हुई थी। श्रवण को हिंदी में 200 में से 135.8, सामान्य ज्ञान में 200 में से 120.79 और कुल 400 में से 256.59 अंक मिले थे। उसके इंटरव्यू में 28 नंबर थे। इस प्रकार आरपीएससी के एग्जाम में 284.59 अंक मिले। वहीं, एसओजी द्वारा करवाए गए एग्जाम में हिंदी में 200 में से 31 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 36 अंक ही मिले।

### 4. श्याम प्रताप सिंह निवासी जोधपुर

श्याम प्रताप सिंह का मेरिट में 2207वां नंबर आया था। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल डेसूला (अलवर) में सेंटर आाया था और 13 सितंबर 2021 को परीक्षा हुई थी। श्यामप्रताप को हिंदी में 200 में से 143.43, सामान्य ज्ञान में 200 में से 95.56 और कुल 400 में से 238.99 अंक मिले थे। उसके इंटरव्यू में 29 नंबर आए। इस प्रकार आरपीएससी के एग्जाम में 267.99 अंक मिले। वहीं, एसओजी द्वारा करवाए गए एग्जाम में हिंदी में 200 में से 63 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 70 अंक ही मिले।

# मतदान दिवस पर सम्पूर्ण मॉनिटरिंग के लिए दिशा निर्देश जारी

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान दिवस पर सम्पूर्ण मॉनिटरिंग के लिए वेबकास्टिंग, सीविजिल, डीसीसी को समाहित करते हुए संयुक्त नियंत्रण कक्ष की स्थापना कमरा संख्या 227 कार्यालय कलेक्ट्रेट दौसा में की गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने प्रभारी अधिकारी वेबकास्टिंग को निर्देश देते हुये कहा कि विधानसभा वार एलईडी लगवाई जाकर लाईव वेबकास्टिंग कवरेज की मॉनिटरिंग के लिए दलों का गठन करें एवं 17 अप्रेल 2024 से समस्त व्यवस्थाए सुचारू संपादित करावें। प्रभारी अधिकारी शिकायत निवारण प्रकोष्ठ ऑनलाईन / ऑफलाईन / डीसीसी द्वारा कार्य भार दलों का वितरण पुर्व की भांति यथावत रखते हुए सम्पूर्ण सजगता से कार्य सुनिश्चित करावें। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार मतदान दिवस पर मतदान प्रतिशत एनकोर पर इद्राज करने एवं कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में स्वीप वार रूम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मतदाताओं को प्रेरित किये जाने की योजना हेतु सांख्यिकी विभाग कलेक्ट्रेट, दौसा में एकीकृत स्वीप वार रूम की स्थापना की जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि नोडल अधिकारी स्वीप (मुख्य कार्यकारी अधिकारी ) द्वारा विधानसभा वार स्वीप वार का गठन करवाया जाये तथा जिला स्तर पर स्वीप वार रूम हेतु प्रभारी अधिकारी की नियुक्त करते हुए सहयोग हेतु दल का गठन करें। कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में तत्काल कार्यवाही करते हुए मतदाताओं को प्रेरित करने की कार्ययोजना बनाई जाकर अमल में लायी जावें एवं प्रभारी अधिकारी सांख्यिकी प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तर पर दल का गठन कर प्रति दो घण्टें में मतदान प्रतिशत लिया जाकर प्रभारी स्वीप वार रूम एवं प्रभारी आईटी प्रकोष्ठ को उपलब्ध करवाना एवं निर्वाचन विभाग को मतदान प्रतिशत की सूचना प्रेषित करें। सांख्यिकी कार्यालय के दूरभाष तंत्र सुव्यस्थित करते हुए उसका प्रचार-प्रसार मतदान दलों एवं सैक्टर अधिकरियों मे किया जावे ताकि मतदान दिवस कि सूचना प्राप्त की जा सकें। प्रभारी अधिकारी आईटी प्रकोष्ठ द्वारा एनकोर पोर्टल पर नियत समय अवधि में मतदान प्रतिशत की प्रविष्टि करना सुनिश्चित किया जावें एवं संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारी अपने स्तर पर 15 अप्रेल 2024 तक आदेश पारित करते हुए एक प्रति चुनाव संचालन प्रकोष्ठ को भिजवावें।

# किसान के बेटे पामीरेड्डी का डायमंड जैसा घर, रखी मेघा इंजीनियरिंग की नींव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड इन दिनों बहुत चर्चा में है। इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वालों की लिस्ट सामने आने के बाद मेघा इंजीनियरिंग देशव्यापी चर्चा का विषय बन गई थी। कंपनी ने 966 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे थे। फ्यूचर गेमिंग के बाद यह बॉन्ड खरीदने वाली दूसरी सबसे बड़ी कंपनी थी।

- मालिक पामीरेड्डी पिचि रेड्डी ने 67,500 करोड़ का साम्राज्य किया खड़ा

मेघा इंजीनियरिंग के खिलाफ सीबीआई ने घूसखोरी का केस दर्ज किया और यह एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई। मालिक पामीरेड्डी पिचि रेड्डी ने 67,500 करोड़ का साम्राज्य खड़ा किया और आज डायमंड जैसे घर में रहते है। पीपी रेड्डी का जन्म आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में एक किसान के घर में हुआ था। वह अपने माता-पिता की 5वीं संतान हैं।

**कंपनी 966 करोड़ के इलेक्टोरल बांड खरीदे के मामले से आई चर्चा में**

### 20 राज्यों और कई देशों में कर रही काम

पीपी रेड्डी के भतीजे पीवी कृष्णा रेड्डी ने भी मेघा इंजीनियरिंग ज्वॉइन कर ली थी। इसके बाद दोनों ने मिलकर कंपनी को सड़क निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट लेने वाली कंपनी में तब्दील कर दिया। साल 2006 में कंपनी का नाम बदलकर मेघा इंजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कर दिया गया। इस सेक्टर में तगड़े कम्पटीशन के बावजूद मेघा इंजीनियरिंग बड़े प्रोजेक्ट्स हासिल करने में कामयाब रही। धीरे-धीरे कंपनी 20 राज्यों और बांग्लादेश और कुवैत में भी हाईवे और पावर प्लांट का काम लेने लगी।



### डायमंड की तरह बनवा रखा है घर

रेड्डी ने मात्र 5 लाख रुपए में हैदराबाद के बालानगर में एक छोटी से जगह से नगर पालिका के लिए पाइप बनाने के लिए मेघा इंजीनियरिंग की शुरुआत की थी। अब इसी हैदराबाद में उनका घर डायमंड के आकार का बना हुआ है। उनके पास अपने फार्म हाउस में एक गोल्फ कोर्स भी है। आज उनकी कंपनी की वैल्यू 67,500 करोड़ और फोर्ब्स द्वारा उनकी खुद की संपत्ति 19,230 करोड़ रुपए आंकी गई थी।

### जोजिला टनल जैसे बड़े प्रोजेक्ट भी बनाए

मेघा इंजीनियरिंग ने ही देश की मशहूर जोजिला टनल को बनाने का काम किया था। इसके अलावा तेलंगाना का कालेश्वरम लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट और मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्टेशन का निर्माण भी कंपनी कर रही है। सीबीआई के अनुसार, मेघा इंजीनियरिंग ने बिल क्लियर कराने के लिए विभिन्न सरकारी कंपनियों के अधिकारियों को घूस दी थी। ये बिल जगदलपुर इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट से जुड़े काम के थे। इस केस में एनआईएसपी और एनएमडीसी के 8 अधिकारी एवं मेकॉन के 2 अधिकारी भी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### घरेलू हवाई यात्री यातायात 15.4 करोड़ तक पहुंचेगा



**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में 13 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ लगभग 15.4 करोड़ तक पहुंच सकता है। विमानन उद्योग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस दौरान घरेलू एयरलाइंस का शुद्ध घाटा कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की संभावना है।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई।

### बीते सप्ताह अधिकांश तेल तिलहन कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में सोयाबीन डीगम का दाम टूटने के बीच आयातित खाद्य तेलों की कीमतें प्रभावित होने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली। बाजार में आवक घटने के बीच बिनौला तेल के दाम तेजी दर्शाते बंद हुए।

### जनवरी-मार्च में सस्ते घरों की हिस्सेदारी घटी



**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही में कुल घरों की बिक्री में 45 लाख रुपये से कम कीमत वाले सस्ते आवास की हिस्सेदारी घटकर 22 प्रतिशत रह गई है। आवास ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर.कॉम के अनुसार, 2023 की पहली तिमाही में कुल घरों की बिक्री में सस्ते घरों का हिस्सा 48 प्रतिशत रहा था।

### इम्प्रेसारियो का टियर-2 शहरों में विस्तार पर जोर



**नई दिल्ली।** रेस्तरां श्रृंखला 'सोशल' का संचालन करने वाली कंपनी इम्प्रेसारियो एंटरटेनमेंट एंड हॉस्पिटैलिटी अपनी विस्तार योजना के तहत सालाना 10 से 15 नए ब्रांड आउटलेट खोलने पर विचार कर रही है। कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रियाज अमलानी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान दूसरी श्रेणी के शहरों में विस्तार पर खास जोर होगा।

### इंफिनिक्स ने मल्टी मोड फास्ट चार्जिंग स्मार्टफोन किए लांच



**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन बनाने वाली इन्फिनिक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश कपूर ने कहा कि प्रौद्योगिकी को उपयोगकर्ताओं के अनुरूप होना चाहिए। कपूर नयी दिल्ली में कंपनी के नवीनतम स्मार्टफोन 'नोट40 प्रो 5जी'' और 'नोट40 प्रो प्लस 5जी' पेश किये जाने के मौके पर यह बात कही। कपूर ने कहा, 'हमारा मानना है कि प्रौद्योगिकी को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल होना चाहिए और यह नए स्मार्टफोन भविष्य की चार्जिंग तकनीक के अगुवा हैं।'

### बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले व अन्य वित्तीय धोखाधड़ी पर लगे रोक

# धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की अधिक जांच-परख चाहता है वित्त मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।

ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। सूत्रों ने कहा कि इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा।

- बैंक व वित्तीय संस्था केवाईसी की प्रकिया व जांच और बढ़ाए
- ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में गहन जांच परख की जाए
- बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर डेटा की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत

### हॉटस्पॉट की पूरी तरह जांच की जानी चाहिए

सूत्रों ने कहा कि दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए।

### आरबीआई डिजिटा पर विचार कर रहा

बढ़ती साइबर धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के अपने प्रयासों के तहत रिजर्व बैंक अवैध ऋण देने वाले ऐप की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए एक डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी (डिजिटा) स्थापित करने पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित एजेंसी डिजिटल ऋण देने वाले ऐप के सत्यापन में मदद करेगी और सत्यापित ऐप का एक सार्वजनिक रजिस्टर बना।







### साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना



साइबर अपराध से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के तंत्र को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने गृह मंत्रालय के माध्यम से देश में 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' की स्थापना की है।

### धोखाधड़ी को रोकने एटीएम ब्लॉक किया जाए




इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।

### वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के 1128265 मामले सामने आए

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2023 के दौरान वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के 11,28,265 मामले सामने आए। इन मामलों में कुल 7,488.63 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई।

## एलआईसी को अदाणी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 फीसदी का लाभ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अदाणी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अदाणी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अदाणी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अदाणी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था।




- हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद समूह के प्रभावित शेयरों ने जोरदार वापसी की
- समूह की सात कंपनियों में एलआईसी ने 38471 करोड़ किए थे निवेश

### अदाणी ग्रीन में निवेश दोगुना हुआ


अदाणी एंटरप्राइज लिमिटेड में एलआईसी का निवेश 31 मार्च, 2023 को 8,495.31 करोड़ रुपये से बढ़कर एक साल बाद 14,305.53 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड में निवेश 12,450.09 करोड़ रुपये से बढ़कर 22,776.89 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में एलआईसी का निवेश एक साल में दोगुना से अधिक होकर 3,937.62 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## वाणिज्यिक एसी बाजार में वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग (एसी) बाजार में वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं हैं और तेजी से बढ़ते शहरीकरण, ढांचागत विकास और आर्थिक वृद्धि के कारण इसे समर्थन मिल रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माताओं के संगठन सीईएएमए के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने यह बात कही।

उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माता संघ (सीईएएमए) के अध्यक्ष ने कहा कि वाणिज्यिक 'सी' (गर्मी पैदा करने वाले उपकरण, वायु संचार उपकरण और वातानुकूलन उपकरण) खंड में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। कार्यालयों, खुदरा स्थानों, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं, आतिथ्य प्रतिष्ठानों और शैक्षिक संस्थानों सहित बुनियादी ढांचे के विकास से इसे बढ़त मिल रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, घर के अंदर हवा की गुणवत्ता को लेकर बढ़ती जागरूकता, और आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और भवन स्वचालित प्रणाली जैसे कारक भी वाणिज्यिक परिदृश्य को नया आकार दे रहे हैं।




- तेजी से बढ़ते शहरीकरण से मिल रहा समर्थन
- बुनियादी ढांचे के विकास से इसे बढ़त मिल रही

वाचानी ने कहा कि वृद्धि की संभावनाओं के लिहाज से वाणिज्यिक 'सी' खंड में महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं। कुछ रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वाणिज्यिक 'सी' खंड का बाजार आकार लगभग 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

### क्यूसीओ के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

कमरे को ठंडा करने वाले एयर कंडीशनर खंड के बारे में पूछने पर वाचानी ने कहा कि उन्हें इस खंड में लगातार वृद्धि की उम्मीद है। हालांकि, सरकार के गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) के कारण इस खंड को मामूली चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 2.98 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.98 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंचा। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर हो गया था जो उस समय तक का सर्वकालिक उच्च स्तर था। इससे पहले, सितंबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 54.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 571.17 अरब डॉलर हो गईं।


## वैश्विक शेयर बाजारों में देखने मिल सकती है घबराघटपूर्ण बिकवाली

- ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की बढ़ गई आशंका
- बाजार की निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को 'रामनवमी' पर बाजार में अवकाश रहेगा।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है।



*कंपनी को करना पड़ रहा चुनौती का सामना : हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। पूरे वित्त वर्ष में टाटा समूह की कंपनी का शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 45,908 करोड़ रुपये रहा है। वहीं कंपनी की आमदनी 2,25,458 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,40,893 करोड़ रुपये हो गई है।*

## गोदरेज लॉक्स की नजर 50 फीसदी बाजार हिस्सेदारी पर...





**मुंबई।** ताले और सुरक्षा समाधान प्रदाता कंपनी गोदरेज लॉक्स (तालों समेत) का लक्ष्य तीन साल में बाजार हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक पहुंचाने का है। कंपनी ने कहा है कि इसके लिए वह सस्ते उत्पाद की नई श्रृंखला लाएगी और मौजूदा उत्पादों की कीमतों में कटौती करेगी। गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सिस्टम्स के कारोबार प्रमुख श्याम मोटवानी ने कहा कि कंपनी के नए उत्पाद मौजूदा तालों की तुलना में 50 प्रतिशत से ज्यादा सस्ते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा तालों को भी सात-आठ प्रतिशत तक सस्ता बनाने का प्रयास किया गया है। मोटवानी ने कहा कि कंपनी लगभग तीन साल में बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए मौजूदा तालों के दाम घटाएगी और कम कीमत वाले नए उत्पाद पेश करेगी। मोटवानी ने कहा कि हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक करने का है।



## बीते वित्त वर्ष में देश से वाहनों का निर्यात 5.5 प्रतिशत घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश से वाहनों का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 5.5 प्रतिशत घट गया है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) का कहना है कि कई विदेशी बाजारों में मौद्रिक संकट की वजह से देश से वाहनों के निर्यात में गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार, बीते वित्त वर्ष में कुल वाहन निर्यात 45,00,492 इकाई रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 47,61,299 इकाई था। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न विदेशी बाजारों में परिस्थितियां अस्थिर बनी हुई हैं। अग्रवाल ने कहा, 'कुछ देश, जहां हम वाणिज्यिक वाहन और दोपहिया निर्यात के मामले में बहुत मजबूत हैं, विदेशी विनिमय से संबंधित मुद्दों का सामना कर रहे हैं।' पिछले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों के निर्यात में जहां उल्लेखनीय गिरावट आई, वहीं यात्री वाहनों का निर्यात मामूली बढ़ा। अध्यक्ष ने कहा कि इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में कुछ अच्छा सुधार देखने को मिला है। खासकर दोपहिया वाहनों के खंड में। अग्रवाल ने कहा, ''हमें पूरी उम्मीद है कि आगे चलकर स्थिति में सुधार होगा।



- सियाम ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जारी किए आंकड़े
- विदेशी बाजार में मौद्रिक संकट के कारण वाहनों का निर्यात घटा

### किआ ने किया 52 हजार वाहनों का निर्यात

किआ मोटर्स ने वर्ष के दौरान 52,105 वाहनों का निर्यात किया, जबकि फॉक्सवैगन इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष में 44,180 इकाइयों का निर्यात किया। निसान मोटर इंडिया और होंडा कार्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में क्रमशः 42,989 और 37,589 इकाइयों का निर्यात किया।

### दोपहिया वाहनों के निर्यात में 5.3 फीसदी की गिरावट

दोपहिया वाहनों के निर्यात में पिछले वित्त वर्ष में 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 34,58,416 इकाई रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष में इस खंड में निर्यात 36,52,122 इकाई था। इसी तरह, वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 16 प्रतिशत घटकर 65,816 इकाई पर आ गया। 2022-23 में वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 78,645 इकाई रहा था।

### विशेषज्ञों के अनुसार मांग में 40 प्रतिशत का उछाल

# चुनाव के बीच चार्टर्ड विमान, हेलिकॉप्टर की मांग बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के लिए राजनेता और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि देशभर में भ्रमण कर रहे हैं, जिससे चार्टर्ड विमान और हेलिकॉप्टर की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

- एक विमान के लिए शुल्क लगभग 4.5 - 5.25 लाख रुपए

विशेषज्ञों के अनुसार, इससे निजी विमान और हेलिकॉप्टर संचालकों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की उम्मीद है। चार्टर्ड सेवाओं के लिए प्रति घंटा दरें भी बढ़ गई हैं। एक विमान के लिए शुल्क लगभग 4.5 - 5.25 लाख रुपये और दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए लगभग 1.5- 1.7 लाख रुपये है। जहां सामान्य समय और पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में मांग बढ़ी है, फिक्स्ड विंग विमान और हेलिकॉप्टर की उपलब्धता भी कम संख्या में है।

### बड़े राज्यों में हेलिकाप्टर का उपयोग अधिक

आमतौर पर, राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों और नेताओं को कम समय में विभिन्न स्थानों, खासकर दूरदराज के इलाकों में पहुंचने के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग करते हैं। गेली ने कहा कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में हेलिकॉप्टरों का उपयोग अधिक देखा जा रहा है।



**एकल इंजन हेलिकाप्टर का किराया 90 हजार रुपए प्रतिघंटा**

बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चार्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30-40 प्रतिशत अधिक है। गेली ने कहा, आमतौर पर एकल इंजन वाले हेलिकॉप्टरों के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80,000 से 90,000 रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है।

### मांग की तुलना में आपूर्ति कम

कुछ परिचालक दूसरे कंपनी से विमान और हेलिकॉप्टर चालक दल के साथ लेना चाह रहे हैं। रोटरी विंग सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष 'हेलिकॉप्टर की मांग बढ़ी है और यह सामान्य अवधि की तुलना में चुनाव अवधि में 25 प्रतिशत तक अधिक है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है।'

**दो इंजन के हेलिकाप्टर में 12 लोगों के बैठने की क्षमता :** चुनाव के समय, एक इंजन हेलीकॉप्टर के लिए दर 1.5 लाख रुपये तक और दो इंजन हेलिकाप्टर के लिए 3.5 लाख रुपये तक होती है। जबकि दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर में 12 लोगों के बैठने की क्षमता होती है।

# बेंगलोर लगातार खराब प्रदर्शन से निराश, हैदराबाद के खिलाफ गेंदबाजों से उम्मीद

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉ य ल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर है। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरुप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।



### गेंदबाजी में वैरिएशन नहीं

*इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाए। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाए लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों। आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारुपन का अभाव साफ दिख रहा है।*

### फार्म में हैदराबादी बल्लेबाज



हैदराबाद के पास हेनरिच क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिए हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिए हैं और सात की औसत से रन दिए हैं। वह नई गेंद से या बीच के ओवरों में दूसरे बदलाव के तौर पर या डैथ ओवरों में हर जगह अच्छी गेंदबाजी करने में कामयाब रहे हैं। टी नटराजन के आने से गेंदबाजी में संतुलन आ गया है।

### कोहली बने संकटमोचक

*आरसीबी के पास विराट कोहली जैसा तुरुप का इक्का है जो इस समय औरेंज कैप पहने है। वहीं फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक ने भी मुंबई के खिलाफ अर्धशतक बनाए थे। ग्लेन मैक्सवेल का फॉर्म हालांकि चिंता का सबब बना हुआ है।*

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

*सनराइजर्स हैदराबाद: जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।*

*रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 6 | 1 | 5 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
319 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



यजुवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

**बाउंड्री मीटर**


820 चौके

471 छक्के

### खबर संक्षेप

#### लगातार अच्छा खेलने का दबाव है : हेड

**बेंगलुरु।** आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें पता है कि यह स्तर बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है और इस



सफर का पहला पड़ाव टी20 विश्व कप होगा। हेड ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और 50 ओवरों के विश्व कप में शतक जमाए थे। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग के जरिए जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी पुख्ता करना चाहते हैं। हेड ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर मैने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और विदेश में भी उसी तरह खेलता हूं। अब लगातार अच्छा खेलने का दबाव है।'

#### धवन कम से कम दस दिन के लिए बाहर

**मुल्लांपुर।** राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया



कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे जिनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी। बांगड़ ने कहा, 'उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिए बहुत जरूरी है। देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'

#### अक्षय तीसरे दौर में चूके शेफलेर को एकल बढ़त

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन



दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया।

## आईपीएल : सुपरजायंट्स की छह मैचों में तीसरी हार

# कोलकाता ने दर्ज की चौथी जीत, साल्ट के तूफान से लखनऊ को आठ विकेट से रौंदा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

फिल साल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। कोलकाता की 17वें सीजन की यह चौथी जीत है। एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। साल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिए। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपरजायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाए जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाए।



### स्टार्क ने किए तीन शिकार

केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि सुनील नारायण ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली।

### लखनऊ पर पहली जीत

आईपीएल इतिहास में पहली बार केकेआर ने लखनऊ को हराया। केकेआर और लखनऊ के बीच इससे पहले आईपीएल में तीन मुकाबले खेले गए थे और तीनों ही मैच लखनऊ ने अपने नाम किए थे। यहां तक कि पिछले साल ईडन गार्डेंस पर दोनों टीमों के बीच खेला गया मुकाबला भी लखनऊ ने एक रन से जीता था, लेकिन इस बार शानदार लय में दिख रही कोलकाता ने लखनऊ को मात देने में देरी नहीं की और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की।

### राहुल के टी20 में 300 छक्के पूरे

राहुल ने पारी के 10वें ओवर की पहली ही गेंद पर आंद्रे रसेल की गेंद पर जोरदार छक्का जमाया। इस सिक्स के साथ ही राहुल ने टी-20 क्रिकेट में 300 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। राहुल यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत की ओर से महज पांचवें बल्लेबाज हैं। राहुल से पहले यह मुकाम रोहित शर्मा, विराट कोहली, एमएस धोनी और सुरेश रैना ही हासिल कर सके हैं।केएल राहुल ने केकेआर के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों पर 39 रन की सूझबूझ भरी पारी खेली।

### स्कोर बोर्ड

| एलएसजी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का नारायण बो अरोड़ा | 10 | 08 | 2 | 0 |
| राहुल का रमनदीप बो रसेल | 39 | 27 | 3 | 2 |
| हुड्डा का रमनदीप बो स्टार्क | 08 | 10 | 1 | 0 |
| बडोनी का रघुवंशी बो नारायण | 29 | 27 | 2 | 1 |
| स्टोइनिस का सॉल्ट बो वरुण | 10 | 05 | 2 | 0 |
| पूरन का सॉल्ट बो स्टार्क | 45 | 32 | 2 | 4 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 07 | 08 | 0 | 0 |
| अरशद खान बो स्टार्क | 05 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 161/7

गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-28-3, अरोड़ा 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नारायण 4-0-17-1, चक्रवर्ती4-0-30-1, रसेल 1-0-16-1.


| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट नाबाद | 89 | 47 | 14 | 3 |
| नारायण का स्टोइनिस बो मोहसिन | 06 | 06 | 1 | 0 |
| रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन | 07 | 06 | 0 | 1 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 38 | 38 | 6 | 0 |

अतिरिक्त : 22, कुल : 15.4 ओवर में 162/2

गेंदबाजी : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, कृणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2.4-0-17-0.

### खास खबर

# इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया



एजेंसी ⏭ कैंसास सिटी

करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेसी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेसी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे। एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेसी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।

### बुमराह मुंबई के इमरजेंसी लाइट : अश्विन


**मुंबई।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म में हैं। बुमराह ने पांच मैचों में 10 विकेट चटकाए हैं और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, जब पावर कट होता है, तो हम इमरजेंसी लाइट का इस्तेमाल करते हैं। मुंबई इंडियंस बुमराह को इमरजेंसी लाइट की तरह इस्तेमाल करती है और अगर वह विकेट हासिल कर सकता है तो पावरप्ले में ये टीम के लिए बूस्ट का काम करता है। उसके बाद दूसरे हाफ में मुंबई उनके बचे हुए तीन ओवर का इस्तेमाल करती है।

# अंजू और हर्षिता स्वर्ण पदक से एक जीत दूर, सरिता बाहर

एजेंसी ⏭ बिश्केक

भारतीय पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई जबकि अनुभवी सरिता मोर शुरुआती दौर में अप्रत्याशित हार के बाद बाहर हो गई।

हाल ही में राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में विनेश फोगाट को हराकर सुर्खियां बटोरने वाली रेलवे की पहलवान अंजू ने फिलीपींस की आलिया रोज गावलेज और श्रीलंका की नेथमी अहिंसा फर्नांडो के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में अंजू



को चीन की चेन लेई से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह 9-6 से जीत दर्ज करने में सफल रही। स्वर्ण पदक के लिए अंजू के सामने कोरिया की जि हयांग किम की चुनौती होगी।हर्षिता ने फाइनल तक के सफर में सिर्फ तीन अंक गंवाए। उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओजोदा जरीपबोएवा को तकनीकी श्रेष्ठता (13-3) से हराने के बाद कजाकिस्तान की अनास्तासिया पानासोविच को 5-0 से मात दी।

फाइनल में उनका मुकाबला चीन की कियान जियांग से होगा। भारतीय टीम को हालांकि 2021 विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता सरिता की हार से बड़ा झटका लगा। सरिता अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगोलिया की गंटुया एनखबत से 4-8 से हार गईं। 28 साल की यह खिलाड़ी इस श्रेणी में पदक की प्रबल दावेदार थी।

### मैक्सवेल की चोट से जुड़ी चिंताएं खारिज

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच से पहले ग्लेन मैक्सवेल की फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर किया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के पिछले मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय मैक्सवेल के अंगूठे पर चोट लग गई थी लेकिन बोबाट ने कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर अच्छी तरह से उबर गया है। बोबाट ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैक्सी के कुछ स्कैन हुए हैं और वह फिलहाल ठीक हैं इसलिए चोट की कोई चिंता नहीं है। वह आज अभ्यास करने जा रहे हैं और फिर देखेंगे।' मैक्सवेल आईपीएल के मौजूदा सत्र में खराब दौर से गुजर रहे हैं और छह मैचों में 5.33 की औसत से सिर्फ 32 रन ही बना पाए हैं। हालांकि बोबाट ने जल्द से जल्द चीजों को बदलने के लिए मैक्सवेल का समर्थन किया।

# कैंडिडेट्स शतरंज: गुजराती को हराकर इयान के साथ गुकेश ने बनाई बढ़त

एजेंसी ⏭ टोरंटो

भारत के डी गुकेश ने हमवतन विदित गुजराती को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के बाद रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है। आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि हिकारू नकामूरा ने फेबियानो कारुआना को हराया।

नेपोम्नियाश्चि को निजात अबासोव ने ड्रॉ पर रोका। टूर्नामेंट के छह दौर अभी बाकी हैं। गुकेश और नेपोम्नियाश्चि के पांच अंक हैं जबकि नकामूरा और प्रज्ञानानंदा के 4.5 अंक है। कारुआना चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं।



गुजराती के 3.5 अंक हैं जबकि अबासोव के 2.5 अंक हैं। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने हमवतन आर वैशाली को हराया और अब उनके 3.5 अंक हैं। चीन की झोंग्यी तान को हमवतन टी लेइ ने हराया। अब रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना और लेइ आठ में से पांच अंक लेकर शीर्ष पर हैं। हम्पी और नूरगुल सलीमोवा पांचवें स्थान पर हैं। वैशाली 2.5 अंक लेकर आखिरी स्थान पर हैं।

## टी20 वर्ल्ड कप : चयनकर्ताओं के लिए माथापच्ची शुरु

# कोहली, रोहित, यशस्वी सलामी बल्लेबाज के दावेदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईपीएल 2024 के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान टी20 वर्ल्ड कप के लिए होगा, इसके लिए खूब नूराकुश्ती देखने को मिल सकती है। टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर से लेकर मिडिल ऑर्डर तक... इसके बाद ऑलराउंडर्स, स्पिनर्स से लेकर पेसर्स तक... सभी डिपार्टमेंट में मौजूदा खिलाड़ियों के बीच सेलेक्शन को लेकर कंपटीशन देखने को मिलेगी।

टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से करीब डेढ़ महीने पहले आज हम आपको टीम इंडिया के वर्ल्ड कप के टॉप ऑर्डर को लेकर बात करने वाले हैं। आखिर टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के ओपनर्स कौन हो सकते हैं? इसके लिए हमने सभी मौजूदा भारतीय खिलाड़ियों के नंबर 1 और नंबर 2 पर खेलने के आंकड़ों का एनालिसिस किया, जो टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के लिए खेल रहे हैं या खेल चुके हैं।



### नंबर-1 के दावेदार

*अब तक भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर्स की बात की जाए, तो इस पोजीशन (नंबर-1 और नंबर-2) पर सबसे ज्यादा रन रोहित शर्मा के हैं। वहीं मौजूदा समय में खेल रहे खिलाड़ियों में बतौर ओपनर विराट कोहली का एवरेज सबसे ज्यादा है। संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव का सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा है। यहां ध्यान रहे हमने टी20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग करने वाले बल्लेबाजों का विश्लेषण किया है।*

### यशस्वी का पलड़ा भारी

जैसा कि अनुमान है रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप के लिए ओपनिंग ऑर्डर में बदलाव नहीं करेंगे। भारतीय टीम अपना आखिरी टी20 मैच 17 जनवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने उतरी थी। उस मैच में ओपनर रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल थे। ऐसे में जायसवाल का पलड़ा भारी है। रोहित और जायसवाल के अलावा शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़ भी दावेदार हैं। ईशान किशन भी इस पैरामीटर में फिट बैठते हैं, जो विकेटकीपर के साथ ओपनर बल्लेबाज हैं। वहीं विराट कोहली ने आईपीएल 2024 के शुरुआती मैचों में ओपनिंग करते हुए जिस तरह की बल्लेबाजी की है, उसे देखते हुए कुछ दिग्गज कोहली को भी ओपनिंग स्लॉट के लिए दावेदार बता रहे हैं।

# आरसीबी को हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु



सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की आईपीएल में खराब शुरुआत को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि सोमवार को मेजबान को हराने के लिए उनकी टीम को 'असाधारण' प्रयास की जरूरत होगी।

सोमवार को मेजबान आरसीबी की टीम मौजूदा सत्र में छह मैचों में से सिर्फ एक जीतकर दो अंकों के साथ आईपीएल तालिका में 10वें स्थान पर है। विटोरी ने रविवार को मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कोई भी टीम आरसीबी के स्तर को कम आंकती है। वे एक बहुत अच्छी टीम हैं इसलिए उन्हें हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत होगी। प्रत्येक मैच कठिन है और विशेष रूप से जब आप घर से दूर खेल रहे हों।

आरसीबी स्पष्ट रूप से पिछले मैचों में जो हुआ उससे सीखता रहेगा और वे काफी आक्रामक होने जा रहे हैं। हम एक गेंदबाजी इकाई के रूप में काफी दबाव में होंगे क्योंकि वह काफी आक्रामक हैं।'

## डीआरडीओ को मिली बड़ी उपलब्धि

# मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का किया सफल परीक्षण, सेना की मौजूदगी में लक्ष्य को सटीक भेदा

एजेंसी ▶▶ पोखरण

*रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सेना की मौजूदगी में परीक्षण किया है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाए गए। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है।*




### पांच परीक्षण हो चुके

इसके अब तक पांच परीक्षण किये जा चुके हैं। पहला और दूसरा परीक्षण 15 और 16 सितम्बर, 2018 को किया गया। इसके बाद तीसरा और चौथा सफल परीक्षण 13-14 मार्च, 2019 को राजस्थान के रेगिस्तान में किया गया। पांचवां परीक्षण 11 सितम्बर, 2019 को आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में और छठा परीक्षण 21 जुलाई, 2021 को किया गया था। सभी परीक्षण सफल रहे।

### अधिकतम सीमा तक उड़ान का परीक्षण सफल

*बयान में बताया गया कि इस मिसाइल का अधिकतम सीमा तक उड़ान का परीक्षण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स के साथ अत्याधुनिक लघु इन्फ्रारेड इमेजिंग तकनीक के साथ लैस किया गया है। 'दागो और भूल जाओ' की तकनीक वाली इस पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल के इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है। इस परीक्षण ने मिसाइल की न्यूनतम सीमा को सफलतापूर्वक सत्यापित किया है।*

### मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल

*यह तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) नाम से निकाली गई मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल है। इसका विकास भारतीय कंपनी वीईएम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की साझेदारी में डीआरडीओ ने किया है। एटीजीएम कम वजन वाली लंबी बेलनाकार मिसाइल है, जिसके मध्य भाग के चारों ओर चार पंखों का समूह होता है। इसे उच्च-विस्फोटक एंटी-टैंक वारहेड के साथ लगाया गया है।*

### 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मिला बढ़ावा

डीआरडीओ ने रविवार को एक बयान में बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने और भारतीय सेना को मजबूत करने के लिए 13 अप्रैल को थर्मल साइट के साथ मैन पोर्टेबल ट्राइपॉड से मिसाइल दागी गई और इसके निशाने पर एक नकली सक्रिय टैंक था। मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में लक्ष्य को निशाना बनाकर इसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया।

डीआरडीओ ने कहा कि परीक्षण के दौरान इस मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा कर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### कनाडा में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**वैंकुवर।** कनाडा के वैंकुवर में 24 साल के भारतीय छात्र चिराग अंतिल की मौत हो गई। वैंकुवर पुलिस ने बताया कि चिराग के पड़ोसियों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी थी। इसके बाद पुलिस को उसकी कार से शव बरामद हुआ। इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग का परिवार हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। परिजन शव को भारत ले जाने के लिए क्लाउड फंडिंग कर रहे हैं।



### इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत

**ताना तोराजा।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। भूस्खलन से प्रभावित घरों में से एक में पारिवारिक समारोह हो रहा था।



## ईरान के इजराइल पर हमले को लेकर अमेरिका सहित कई देशों ने की निंदा

# अमेरिका ने जी-7 देशों की बुलाई बैठक, हमलों के खिलाफ डिप्लोमैटिक प्रतिक्रिया पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान के इजराइल पर किए गए हमले को लेकर जी-7 देशों के नेताओं ने निंदा की है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ने जी-7 देशों की एक बैठक बुलाई है जिसमें वर्तमान स्थिति को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा ईरान के हमलों के खिलाफ डिप्लोमैटिक प्रतिक्रिया पर चर्चा की जाएगी।

यूरोपीय देशों के नेताओं ने ईरान के हमले की निंदा की है। इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने कहा कि हमारा साथ देने के लिए अमेरिका के साथ-साथ वे ब्रिटेन, फ्रांस और कई अन्य देशों की सराहना करते हैं। इजराइल पर ईरान के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन इजराइल की सुरक्षा करने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमेशा इजराइल के लोगों के साथ खड़ा है। यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष ने शांति की अपील की है।

*ईरान के इजराइल पर किए गए हमले को लेकर यूरोपीयन संघ के देशों ने निंदा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने जी-7 देशों की एक बैठक बुलाई है। संयुक्त राष्ट्र में इजराइली राजदूत गिलाद एर्दान ने इजराइल के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स आतंकवादी*

- *जी-7 ओर यूरोपीय देशों ने हमले की निंदा की*
- *अमेरिका, इजराइल को समर्थन देना जारी रखेगा*
- *यूरोपीय काउंसिल ने शांति की अपील की*
- *संयुक्त राष्ट्र संघ भी बुलाएगा बैठक*



### बाइडेन ने बैठक कर ली जानकारी



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने इजराइल को समर्थन का ऐलान किया है। बाइडेन ने कहा कि मैंने अभी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से मुलाकात की और ईरान के इजराइल पर हमले को लेकर जानकारी ली है।

### ईरान के पास 12 परमाणु हथियार का यूरेनियम

*इसी साल युक्त राष्ट्र के हथियार पर्यवेक्षकों ने चेतावनी दी थी कि ईरान के पास 12 परमाणु बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरेनियम मौजूद है। ईरान ने यूरेनियम का 90 प्रतिशत से अधिक संवर्धन कर लिया है। ईरान के पास पर्याप्त मात्रा में सामान मौजूद है लेकिन इसे एक हथियार के रूप में ढालने में लगभग 6 महीने लगेंगे।*

### जी-7 देशों की बैठक बुलाई

*अमेरिका के राष्ट्रपति ने जी-7 देशों की एक बैठक बुलाई है जिसमें वर्तमान स्थिति को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा ईरान के हमलों के खिलाफ डिप्लोमैटिक प्रतिक्रिया पर चर्चा की जाएगी। बता दें, जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं, इसलिए इसे ग्रुप ऑफ सेवन भी कहा जाता है।*

### भारत ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

*ईरान में स्थित भारतीय दूतावास ने भी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। किसी भी आपात स्थिति में ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिक इन नंबर्स पर दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। जो नंबर जारी किए गए हैं, वो हैं- +989128109115, +98993179567,+989932179359, +98-21-88755103-5 . दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक लिंक जारी किया है, जिस पर भारतीय नागरिकों को रजिस्टर करने को कहा गया है।*

### अपने हितों की रक्षा के लिए संकोच नहीं करेंगे:इजराइल

*ईरान के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने वर्तमान तनाव पर कहा है कि हमारा कोई इरादा नहीं है कि इस आक्रमकता को आगे भी जारी रखा जाए, लेकिन बात जब अपने हितों की रक्षा करने की आएगी तो किसी तरह का संकोच नहीं किया जाएगा।*

### दोनों पक्ष शांति से काम लें: चीन

*ईरान के हमले पर चीन के विदेश मंत्रालय ने तनाव बढ़ने पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गाजा में जंग आगे बढ़ रही है। इसे रोकने के लिए तुरंत सीजफायर की जरूरत है। दोनों पक्षों को शांति से काम लेना चाहिए।*

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने किया आगाह


# दुनिया अब एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती, कार्रवाई से बचें

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संयम बरतने की अपील की, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं। गुतारेस ने एक बयान में कहा है कि इस्लामी गणराज्य ईरान की तरफ से इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।



### रिवोल्यूशनरी गार्ड्स आतंकवादी संगठन घोषित होः इजराइल

संवेदनशील हालात के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र में इजराइली राजदूत गिलाद एर्दान ने कहा कि उन्होंने सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अध्यक्ष को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि मैंने परिषद की तत्काल बैठक बुलाने की मांग की है। यूएनएससी के मंच पर ईरान के हमले की निंदा करने की मांग भी की गई है। इसके अलावा इजराइल ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग भी की गई।




## भारत-अमेरिका में रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा-स्थिरता बढ़ाने के प्रयासों में लाएंगे तेजी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत-अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में हुई प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के साझा प्रयासों पर भी चर्चा की गई। भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा और अमेरिकी रक्षा उप मंत्री कैथलीन हिक्स ने इस समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर खासतौर पर बातचीत की।

उन्होंने हिक्स के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति को लेकर अपने साझा प्रयासों पर कहा कि यहां सुरक्षा और स्थिरता प्रमुख चुनौती है इससे निपटने के लिए कोशिशें जरूरी हैं।



### निवेश बढ़ाने पर जोर

भारतीय दूतावास ने कहा कि इन चर्चाओं में भारत-अमेरिकी संबंधों, बढ़ते रक्षा और वाणिज्यिक संबंधों, लचीली आपूर्ति श्रृंखला और समकालीन क्षेत्रीय विकास के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की गई। निवेश बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

### रक्षा उपकरणों का सह उत्पादन बढ़ाया

*पैहोन ने कहा कि दोनों ने लड़ाकू जेट इंजन और बख्तरबंद वाहनों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों के प्रयासों की सराहना की। साथ ही अमेरिकी व भारतीय उद्यमियों व निवेशकों के बीच नवाचार तथा साझेदारी को बढ़ावा देने की कोशिशों को सराहा।*

#### द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग

*अमेरिकी रक्षा मुख्यालय (पेंटागन) के प्रवक्ता एरिक पैहोन ने बताया कि क्वात्रा और हिक्स ने भारत-अमेरिकी रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की प्राथमिकताओं पर जोर देते हुए द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के अमल के तरीकों को अहम बताया। सैन्य भागीदारी का दायरा बढ़ाने के महत्व पर भी चर्चा की।*

## सिडनी मॉल में चाकूबाजी मामला

# पुलिस ने हमलावर की पहचान की, मानसिक रोगी बताया

एजेंसी ▶▶ सिडनी

पुलिस ने सिडनी के एक भीड़भाड़ वाले शॉपिंग सेंटर में चाकू से हमला कर छह लोगों की हत्या करने वाले हमलावर की पहचान कर ली है। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस ने रविवार को बताया कि शहर के बॉण्डी जंक्शन में वेस्टफील्ड शॉपिंग सेंटर में शनिवार दोपहर को हुए हमले के लिए जोएल कॉची (40) जिम्मेदार है। हमले के बाद एक पुलिस अधिकारी ने उसे गोली मारकर ढेर कर दिया था। एनएसडब्ल्यू के सहायक पुलिस आयुक्त एंथनी कुक ने बताया कि कॉची मानसिक रूप से बीमार था।



### महिला पुलिस ने मारा था

*अभी यह पता नहीं है कि कॉची को किस प्रकार की मानसिक बीमारी थी। इस हमले में घटनास्थल पर अकेले मौजूद एक महिला पुलिस अधिकारी एमी स्कॉट ने कॉची को मार गिराया था। पीएम एंथनी अल्बानीज ने महिला पुलिस अधिकारी को बहादुर बताया।*

## 50 साल बाद हुई जमीन की अदला-बदली

# भारत ने बांग्लादेश को सौंपी 56 एकड़ जमीन, बदले में मिली 14 एकड़

एजेंसी ▶▶ ढाका

भारत और बांग्लादेश के बीच 50 साल बाद जमीन की अदला-बदली हुई है। भारत ने बांग्लादेश को सीमावर्ती ठाकुरगांव के रानीशंकोई उपजिला की 56.86 एकड़ जमीन सौंपी है। इसके जवाब में भारत को भी बांग्लादेश से 14.68 एकड़ जमीन हासिल हुई है।

भारत की ओर से बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) और बांग्लादेश की ओर से बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच फ्लैग मीटिंग में जमीनों की अदला बदली हुई। इसे 1974 में जमीनों की अदला-बदली का समझौता हुआ था, लेकिन रानीशंकोई को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।



### आठ अन्य जिलों में भूमि का बंटवारा होगा

*बांग्लादेश के 8 अन्य जिलों में भूमि के बंटवारे के लिए सर्वे प्रस्तावित है। इससे दोनों देशों के बीच भूमि का बंटवारा हो सकेगा। सर्वे में बीएसएफ, बीजीबीके साथ अन्य एजेंसियां भी शामिल होंगी।*

### हकों के बारे में फैसला बाद में होगा

बांग्लादेश को भारत से मिली जमीन अभी खास खातियान (सरकारी जमीन) कहलाएगी। इस जमीन में से 48.12 एकड़ खेती योग्य, 6.87 एकड़ चाय बगान व 1.87 नदी पेटा काश्त की है। बीजीबी के कैप्टन ले.कर्नल तंजीर अहमद का कहना है कि दोनों देशों के बीच जमीन की अदला-बदली सौहार्दपूर्ण तरीके से हुई है। इसके लिए हम बीएसएफ का शुक्रिया अदा करते हैं। अब तक हम भारत के हिस्से में अपनी जमीन के बारे में बुजुर्गों से सुना करते थे, अब हम वहां जाकर खेती कर पाएंगे।

## घाटी में सुरक्षा को लेकर भारत की तैयारी, चीन की बढ़ेगी आफत

# ईस्टर्न कमान में बनाई जाएगी सेना की नई डिवीजन

**एक डिवीजन में 14 से 15 हजार सैनिक** | **मौजूदा कर्मियों को पुनर्गठित करेंगे** | **72 डिवीजन को बढ़ाने पर विचार होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में संभावित तैनाती के लिए एक नई सेना डिवीजन बनाने की लंबे समय से रुकी योजना को इस साल लागू किए जाने की संभावना है। यह योजना जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र के लिए बदलावों की एक श्रृंखला के हिस्से के रूप में होगी। इससे चीन की तरफ सेना का घेरा बढ़ेगा। सैन्य सूत्रों के मुताबिक सेना उत्तरी कमान के तहत पूर्वी लद्दाख में संभावित तैनाती के लिए 72 डिवीजन को बढ़ाने पर विचार कर रही है – जो मूल रूप से पानागढ़ (पश्चिम बंगाल) स्थित 17 माउंटेन स्ट्राइक कोर (एमएससी) के तहत काम करना था।



### एलएसी पर 50 हजार जवान

*जून 2020 में गलवान घाटी में घातक झड़पों के बाद भारत और चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लगभग 50 से 60 हजार सैनिकों को तैनात किया। गलवान घाटी, पैंगोंग त्सो और गोगरा के उत्तर और दक्षिण तट जैसे घर्षण बिंदु- हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में बफर जोन के निर्माण के साथ पिछले तीन वर्षों में कुछ समाधान देखा गया है।*

### स्ट्राइक कोर सीमा पार कार्रवाई के लिए

स्ट्राइक कोर आक्रामक सीमा पार कार्रवाई के लिए जिम्मेदार है। वर्तमान में, सेना के पास चार स्ट्राइक कोर हैं – मथुरा स्थित 1 कोर, अंबाला स्थित 2 कोर, भोपाल स्थित 21 कोर और पानागढ़ में 17 एमएससी। हालांकि, 2021 तक, केवल 17 एमएससी जिसे तब आंशिक रूप से बढ़ाया गया था।

#### एक अतिरिक्त डिवीजन दिया गया था

दो इन्फैंट्री डिवीजनों के साथ चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 1 कोर की भूमिका को फिर से उन्मुख किया गया।

### दीर्घकालिक तैनाती का फिर करेंगे आकलन

एक बार जब नई डिविजन को पूर्वी लद्दाख में प्रभावी ढंग से तैनात कर दिया जाएगा, तो पूरे उत्तरी कमान में सैनिकों की दीर्घकालिक तैनाती का फिर से आकलन किया जाएगा। जबकि घाटी में सुरक्षा स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर है, 16 कोर, जो पीर पंजाल रेंज के दक्षिण के क्षेत्रों की देखभाल करती है, ने पिछले तीन वर्षों में उच्च प्रभाव वाले आतंकवादी हमलों की एक श्रृंखला देखी है।

## पाकिस्तान की जेल में सरबजीत सिंह की हत्या करने वाला

## आईएसआई के इशारे पर मौत के घाट उतारा

# अमीर सरफराज मारा गया लाहौर में गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान की जेल में भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की हत्या कर दी गई है। लाहौर में अज्ञात लोगों ने उसे गोलियों से भून डाला।

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वह अपनी कार से कहीं जा रहा था। बता दें कि उसने भारतीय नागरिक सरबजीत की धारदार हथियारों से हत्या कर दी थी। उसने आईएसआई के इशारे पर सरबजीत को मौत के घाट उतारा था।



### लाहौर की सेंट्रल जेल में हुई थी सरबजीत की हत्या

भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की मौत 2 मई 2013 को हुई थी। साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद लाहौर की सेंट्रल जेल में कुछ कैदियों ने सरबजीत पर हमला कर दिया था और पांच दिन बाद अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया था।

## दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत, दो कॉन्स्टेबल समेत 5 लोग घायल



**प्रतापगढ़**

प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग 56 पर छोटी सादड़ी के पास दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में दो कॉन्स्टेबल समेत 5 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए छोटी सादड़ी अस्पताल लाया गया। जहां चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर किया गया है। छोटी सादड़ी थाना अधिकारी अनिल देवल ने बताया कि प्रतापगढ़ जिले के अरनोद थाना क्षेत्र के रहने वाले कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश मीणा और विनोद मीणा अपने घर से चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित आवरी माताजी में ड्यूटी करने जा रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 56 पर बरखेड़ा घाटी पर सामने से आ रही एक बाइक पर सवार जाखमिया निवासी भगत मेघवाल, श्यामलाल मीणा, पवन मेघवाल छोटीसादड़ी में दुकान पर काम करके अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान दोनों बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार पांचों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को छोटी सादड़ी अस्पताल लाया गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों की स्थिति गंभीर होने पर तीन को उदयपुर और एक को प्रतापगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया

## पाली में भतीजे ने तोड़ा ताऊ का पैर, लाठी से इतने वार किए की चार जगह से फेक्चर हो गया पैर



**पाली**

घर के चौक में लकड़ियां रखने की बात को लेकर हुए विवाद में एक भतीजे ने अपने 62 साल के ताऊ के पैर पर लाठी से इतने वार किए की उनका पैर चार जगह से क्रेक हो गया। वृद्ध को मारवाड़ जंक्शन हॉस्पिटल से रेफर करने पर रविवार को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार बिठोड़ा खुर्द गांव निवासी 62 साल के पुखाराम पुत्र तोगाराम देवासी और उसके छोटे भाई का मकान आस-पास ही है। जहां शुक्रवार शाम को पुखाराज के हिस्से में चौक में जंगल से लाई लकड़ियां उनके भतीजे मुकेश ने रख दी। इस पर वृद्ध ने मुकेश को लकड़ियां उसके हिस्से में रखने को कहा। इस पर दोनों में बहस हो गई। गुस्से में आकर मुकेश ने अपने ताऊ पुखाराम देवासी के पैर पर तीन-चार बार लाठी से वार किया। जिससे उनका पैर तीन-चार जगह से क्रेक हो गया। परिजन घायल वृद्ध को उपचार के लिए मारवाड़ जंक्शन हॉस्पिटल ले गए। जहां से रविवार को उन्हें पाली के बांगड़ हॉस्पिटल रेफर किया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

## जीप और मिनी ट्रक की भिड़ंत, एक ही परिवार के 14 लोग घायल



**बांसवाड़ा**

जिले के स्टेट हाईवे 10 पालोदा-आनंदपुरी पर रविवार को नांदरी गांव के पास मिनी ट्रक और क्रूजर जीप की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 14 लोग घायल हुए। इसमें एक घायल महिला डूंगरपुर जिले के वरसिंगपुर निवासी पायल 32 प%ी धर्मेंद्र दर्जी की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों को घटना के बाद सागवाड़ा नगर के निजी अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को अहमदाबाद रेफर कर दिया गया। जिस दौरान यह हादसा हुआ उस समय तेज आवाज सुनकर आसपास घरों के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला।जानकारी के अनुसार अनुसार जीप सवार डूंगरपुर जिले सागवाड़ा पुनर्वास कॉलोनी के दर्जी समाज से थे जो सागवाड़ा से आनंदपुरी में गोद भराई के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी नांदरी गांव में आनंदपुरी तरफ से आ रहे मिनी ट्रक ने सामने से जीप को जोरदार टक्कर मारी दी। इस भिड़ंत से जीप दो बार उछली और पलट गई। वहीं मिनी ट्रक भी 50 फीट आगे रुक गया जिसका आगे भाग क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान जीप के पीछे पीछे घायलों के अन्य परिजन भी निजी वाहनों से आ रहे द, जिन्होंने ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के कुछ डर बाद पुलिस पहुंची और मौका मुआयना किया और दोनों वाहनों को सड़क से क्रेन की मदद से हटाया।

## ट्रक के टूल बॉक्स से 85 हजार की नगदी पकड़ी

**सवाई माधोपुर** मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के लालसोट-कोटा हाईवे स्थित भाड़ौती मोड पर (फ्लाइंग स्क्वायड टीम) टीम नंबर 9 ने संदिग्ध नगदी पर एक कार्रवाई की है। टीम ने लोकसभा चुनावों के मध्यनजर आदर्श आचार संहिता की पालना में वाहन चैकिंग के दौरान एक ट्रक की तलाशी लेकर टूल बॉक्स में रखी 85 हजार रुपए की अवैध नगदी को जब्त किया है। टीम प्रभारी सलीम खान व हेड कॉन्स्टेबल सलीमुद्दीन खान ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव व एसपी ममता गुप्ता के निर्देशन पर लोकसभा चुनावों के मध्य नजर लालसोट कोटा हाईवे के भाडौती मोड़ पर वाहनों की चैकिंग की जा रही थी।

# रिटायर्ड महिला टीचर से 3.55 करोड़ रुपए ठगी करने वाली गैंग गिरफ्तार, चढ़े पुलिस के हत्थे

**जयपुर**

राजस्थान के केकड़ी जिले के तीन बदमाशों युवकों ने उत्तरप्रदेश के वाराणसी में एक सेवानिवृत महिला शिक्षक के साथ साइबर ठगी का बड़ा कारनामा किया। जिसको सुनकर आप भी हैरान हो जाएंगे। तीनों बदमाशों ने सेवानिवृत्त शिक्षक के साथ 3.55 करोड रुपए ठग लिए। वाराणसी पुलिस ने वारदात का खुलासा कर केकड़ी जिले के तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपए की नगदी, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, मोबाइल फोन, पैन कार्ड और चेक बुक बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों से एक लग्जरी कार भी बरामद की है।



### *15 बदमाश पहले गिरफ्तार हो चुके हैं, राजस्थान के भी तीन आरोपी*

*डीसीपी ने बताया कि इस मामले में 15 लोगों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा जा चुका है। इस दौरान राजस्थान के केकड़ी जिले के तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें मुख्य आरोपी हिमांशु वर्मा उर्फ टाइगर, अनंत जैन और दीपक वासवानी है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 3.70 लाख रूपए नकद, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, 6 मोबाइल फोन, चेक बुक और कुछ पैन कार्ड भी बरामद हुए हैं। इसके अलावा फिंगरप्रिंट स्कैनर मेगा डिवाइस भी बरामद की है।*

### महाराष्ट्र का फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर झांसे में लिया


वाराणसी के डीसीपी (क्राइम) चंद्रकांत मीणा ने 'नवभारत टाइम्स के रिपोर्टर मनीष बागड़ी' को फोन पर बताया कि इस मामले में पीड़ित सिगरा थाना क्षेत्र की रहने वाली सेवानिवृत्ति महिला शिक्षिका शंपा रक्षित ने 8 मार्च को साइबर धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया। इसमें बताया कि उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का कर्मचारी बताया। साथ में उसने कहा कि उसका फोन 2 घंटे में निष्क्रिय हो जाएगा। इसके बाद उसके पास पुलिस से फोन आएगा। इसके बाद महाराष्ट्र के विले पार्ले पुलिस स्टेशन से विनय चौबे नाम के एक फर्जी अधिकारी ने उन्हें फोन कर धमकाया।

### धमकी देकर राशि ट्रांसफर करने को कहा

डीसीपी (क्राइम) चंद्रकांत मीणा ने बताया कि फोन करने वाले बदमाश ने पीड़िता को बताया कि उसका सिम कार्ड घाटकोपर का है और उसे पर अवैध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। उसने पीड़िता को धमकी दी कि उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया है। साथ में उसने पीड़िता को घर पर रहने और यह बात किसी को नहीं बताने के लिए कहा। इसके बाद फर्जी अधिकारी ने धमकाते हुए कथित आरबीआई खाते का हवाला देते हुए उसमें रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा। साथ में कहा कि उसके खिलाफ जांच होने के बाद वह राशि वापस उसे लौटा दी जाएगी। इस पर पीड़ित में पहली बार में तीन करोड रुपए और दूसरी बार में 55 लाख रुपए बताए खाते में ट्रांसफर किए।

## जोधपुर से सलमान को मिल चुकी है 2 बार धमकी, गैंगस्टर लॉरेंस ने कहा था- जान से मारेंगे

**जोधपुर**





मुंबई में सलमान खान के घर के बाहर रविवार सुबह हुई फायरिंग के बाद जोधपुर और लॉरेंस गैंग फिर से चर्चा में है। दरअसल, सलमान खान को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई चिंकारा शिकार के कारण मारने की धमकी दी थी। उसने खुलेआम कोर्ट में और जेल से दिए इंटरव्यू में कहा था कि उसे जान से मारेंगे उसका अहंकार तोड़ना जरूरी है। सलमान के पिता सलीम खान को भी धमकी मिली थी। लॉरेंस की गैंग सबसे ज्यादा राजस्थान में ही एक्टिव है। उसका सबसे खास गुर्गा रोहित गोदारा भी बीकानेर का रहने वाला है और फिलहाल वो ही लॉरेंस के इशारे पर गैंग चला रहा है। हालांकि, अब तक ये साफ नहीं है कि आज हुई फायरिंग में लॉरेंस गैंग के गुर्गे शामिल थे। साल 2018 में सलमान खान को चिंकारा केस में सजा सुनाई गई थी। इसी दौरान गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने कहा था कि सलमान खान को जान से मारेंगे। बिश्नोई समाज से आने वाले लॉरेंस ने जेल से दिए एक इंटरव्यू में भी सलमान को धमकी दी उसने कहा था कि सलमान ने हमारे समाज को बहुत नीचा दिखाया। करीब 20-25 साल केस चला, इससे समाज को बहुत नुकसान हुआ। हमारे समाज में जीव हत्या नहीं करने देते और न ही हरे पेड़ काटने देते हैं। जब ये घटना (हिरण शिकार) हुई, तब मैं 4-5 साल का था। इसलिए हमारे समाज ही नहीं मेरे मन में बचपन से ही सलमान के खिलाफ गुस्सा है, मौका मिला तो हम उसको (सलमान) उसी के हिसाब से जवाब देंगे। लॉरेंस ने कहा इंटरव्यू में कहा था कि कुछ समय पहले जो धमकी भरी चिट्ठी भेजी गई थी, वो मैंने नहीं भेजी। अगर हमारी कम्युनिटी ने उसे माफ नहीं किया तो हम अपने हिसाब से कार्रवाई करेंगे। हम फिर कोर्ट या फिर किसी और बात पर निर्भर नहीं रहेंगे। सलमान बीकानेर की नोखा तहसील में मुक्तिधाम मुकाम में आकर समाज से माफी मांगे। अगर माफी नहीं मांगी तो हम उसका (सलमान खान) अहंकार तोड़ेंगे। अगर शोहरत के लिए हमे किसी को मारना होता तो बॉलीवुड में बहुत स्टार बिना सिक्योरिटी घूमते हैं, लेकिन हमारा मकसद ये है कि सलमान माफी मांगे। जोधपुर के रहने वाले धाकड़राम ने सलमान के ऑफिशियल मेल पर 3 ई-मेल किए थे। इसमें लिखा था कि सलमान खान अगला नंबर तेरा है, तू जोधपुर आते ही सिद्धू मूसेवाला की तरह मारा जाएगा। बता दें कि धाकड़ राम (21) पुत्र रामलाल विश्नोई निवासी सियागो की ढाणी रोहिचा कला पुलिस थाना लूणी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट का सरदारपुरा थाने में मामला दर्ज है। पुलिस ने इसे मुंबई पुलिस को सौंप दिया था। मार्च 2023 में लॉरेंस बिश्नोई से धमकी मिलने के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से Y + कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। NIA ने कहा था कि खान उन 10 लोगों की लिस्ट में टॉप पर हैं, जिन्हें जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने मारने की धमकी दी थी। सलमान के साथ पहले महाराष्ट्र पुलिस के जवान रहते थे, लेकिन धमकी मिलने के बाद उन्हें ङ्ग+ कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। इस सुरक्षा घेरे में सलमान के साथ 11 जवान हर समय साथ रहते हैं, इसमें एक या दो कमांडो और 2 PSO भी शामिल होते हैं।

## कोटा के हॉस्टल में आग, 7 स्टूडेंट झुलसे, भगदड़ के बीच बालकनी से छात्र कूदे

**कोटा**



कोटा के हॉस्टल में रविवार सुबह 6 बजे ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना के समय 6 मंजिला हॉस्टल में कुल 61 छात्र थे। अधिकतर छात्र सुबह गहरी नींद में थे। हो-हल्ला हुआ तो भगदड़ मच गई। इस बीच 7 झुलस गए हैं। पहली मंजिल पर कुछ छात्रों ने बालकनी में चादरें बांधकर उतरने का प्रयास किया। इसमें एक छात्र गिरकर घायल हो गया। एक छात्र सीढ़ियों में फिसल गया, जिसके पैर में फैक्चर हो गया। इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी करने वाले स्टूडेंट यहां रहते थे। जानकारी के अनुसार, शहर के कुन्हाड़ी इलाके के लक्ष्मण विहार स्थित आदर्श हॉस्टल में घटना हुई है। सुबह 6 बजे ग्राउंड फ्लोर पर लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकली। इसके बाद धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप ले लिया। आग तेजी से ऊपर की तरफ फैली। छात्रों ने खिड़की से चादर बांध-बांधकर बिल्डिंग से नीचे उतरने की कोशिश की। इस दौरान मध्य प्रदेश का भविष्य नाम का छात्र पहली मंजिल से गिर गया। उसके पैर में चोट आई है। भविष्य नीट की तैयारी कर रहा है। अर्पित पांडेय नाम का एक छात्र दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे से बाहर भागा और सीढ़ियों पर फिसल गया। उसके पैर में फैक्चर हुआ है। अर्पित का इलाज एमबीएस हॉस्पिटल में चल रहा है। नगर निगम के सीएफओ राकेश व्यास ने बताया- सभी बच्चे सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर थे। आगजनी की सूचना मिलते ही मैं, कुन्हाड़ी थाना पुलिस और दमकलें मौके पर पहुंचीं। इसके बाद आग को बुझाने के प्रयास शुरू हुए। पुलिस और फायरकर्मियों ने मिलकर हॉस्टल के सभी छात्रों को सीढ़ियों के जरिए नीचे उतारा। इन छात्रों में से 2 के पैर में चोट लगी है। 7 छात्र मामूली रूप से झुलसे हैं। चार छात्रों को इलाज के लिए एमबीएस हॉस्पिटल भेजा गया। बाकी लड़कों की वहीं काउंसिलिंग की गई। इन्हें दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है। एसपी अमृता दुहन भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने छात्रों से बातचीत की। हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ के एक छात्र विपिन ने बताया- आग का पता नहीं चला। सभी सो रहे थे। हल्ला हुआ तो बाहर निकले। सेकेंड फ्लोर पर रूम है। फायर ब्रिगेड ने बालकनी साइड से सीढ़ी लगाकर उतारा। बाहर निकलते वक्त हथेली जल गई। आग सेकेंड फ्लोर तक पहुंच गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद निगम की दमकलों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही की हादसे में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। स्टूडेंट्स के सामान जरूर जल गए।

## भीलवाड़ा में भीड़े भाजपा कार्यकर्ता, बंद कमरे में चले खूब लात-घूंसे

**भीलवाड़ा**



राजस्थान में क्लीन स्वीप करने का दावा करने वाली भाजपा के अंदर भी अनुशासनहीनता और अंर्तकलह सामने आई है। चित्तौड़गढ़ में राजपूत समाज से उठी बहिष्कार की चिंगारी के बीच भीलवाड़ा में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में मुक्के-लात और कुर्सियों से अनुशासन के दावे की पोल खुल गई है। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी पार्टी में पहली बार विधिवत कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं उनके सामने बागियों को पार्टी से निकालो के नारे लगे। निर्दलीय विधायक कोठारी और पूर्व विधायक विट्?ठलशंकर अवस्थी के समर्थक आपस में भिड़ गए। भाजपा सम्मेलन में महिला पदाधिकारियों के सामने जमकर अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। एक कार्यकर्ता के साथ तो मारपीट भी की गई। विवाद जब शुरू हुआ जब एक कार्यकर्ता ने पूर्व विधायक विट्?ठलशंकर अवस्थी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया। जिसके बाद पूर्व विधायक अवस्थी के समर्थक भड़क गए। बता दें कि एक सप्ताह पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सामने नामांकन सभा में निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए थे। भीलवाड़ा में भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में बंद कमरे में लात-घूंसे और कुर्सियों के चलने से जबरदस्त हंगामा हुआ। नेताओं के मंच से अपील करने के बाद भी मामला शांत नहीं हुआ। आखिर में भाजपा प्रत्याशी की दखलअंदाजी के बाद मामला जाकर शांत हुआ।

## बीजेपी प्रदेश चुनाव सहप्रभारी बोले- बेनीवाल मनोरंजन का माध्यम, सांसद बने तो भी काम नहीं होंगे

**नागौर**



भाजपा प्रदेश चुनाव सहप्रभारी प्रवेश वर्मा ने रविवार को नागौर में कहा कि सांसद हनुमान बेनीवाल सिर्फ मनोरंजन करते हैं, वे नागौर के राहुल गांधी हैं। प्रवेश वर्मा नागौर में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नागौर का चुनाव बहुत ही दिलचस्प है। प्रवेश वर्मा ने कहा- जब भी राहुल गांधी भाषण देते हैं तो देश के लोगों का एंटरटेनमेंट होता है। वे जब पार्लियामेंट में बोलते हैं तो पार्लियामेंट का एंटरटेनमेंट होता है। लोग उनका भाषण इसीलिए सुनते हैं क्योंकि वे देश को हंसाते हैं। हनुमान बेनीवाल भी देश के लोगों को हंसाने का काम ज्यादा करते हैं, विकास कार्य कम करते हैं। इसलिए नागौर को ऐसे उम्मीदवार की जरूरत है जो यहां का विकास कर सके। वर्मा ने कहा- मनोरंजन करना होगा तो कपिल शर्मा का कॉमेडी शो देख लेंगे। अगर विकास कार्य चाहिए और नागौर में भारत सरकार की परियोजनाएं चाहिएं, हजारों करोड़ रुपए विकास के लिए चाहिएं तो सांसद दिल्ली से लेकर आ सके, ऐसा नेता चाहिए। एक समय था जब हनुमान बेनीवाल का डंका था, वो समय निकल चुका है। बेनीवाल ने जाट समाज और राजस्थान की जनता को बहुत गुमराह करने का काम किया। आज वो सारे लोग उनको समझ चुके हैं और जान चुके हैं। इन्हें नागौर की जनता ने भुगता है। कोई भी निर्दलीय व्यक्ति हमारी सरकार में अपने काम नहीं करवा सकता। वर्मा ने कहा- हनुमान बेनीवाल कहते हैं कि संघर्ष किया है। वे नागौर की जनता का संघर्ष करवा रहे हैं। सब जानते हैं कि देश में मोदी सरकार बन रही है, मोदी जब तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे तो ऐसे समय में अगर सांसद किसी अन्य पार्टी का हो तो काम नहीं हो पाएंगे। कोई भी इंडिपेंडेंट व्यक्ति सरकार के पास आकर चाहे कितना भी रोए, लेकिन सांसद अगर सत्तारूढ़ पार्टी का होता है तो काम ज्यादा होते हैं। राजस्थान में भाजपा की सरकार है इसलिए देश व प्रदेश की सरकार से कड़ी जोड़ें। वर्मा ने कहा कि विपक्ष के पास मुद1्दा नहीं बचा इसलिए वो कह रहे हैं कि भाजपा आरक्षण को खत्म कर देगी। जबकि पीएम दौसा में कह चुके हैं कि डॉ. बीआर अंबेडकर भी खुद आकर उन्हें कहें तो भी आरक्षण खत्म नहीं होगा। कांग्रेस भ्रष्टाचारी इसलिए उनके शासनकाल में ईडी व इनकम टैक्स की कार्रवाई नहीं होती थी। इंडी गठबंधन के अधिकांश साझेदार जेलों में बैठे हैं। 2011 में हनुमान बेनीवाल ने खुद कहा था कि एससी समाज के आरक्षण के खिलाफ सरकार को पत्र लिखा था

## अलवर में दुष्कर्म पीड़िता ने खाया जहर, आरोपी को अरेस्ट ना करने से नाराज थी, फिलहाल हालत खतरे से बाहर

**अलवर**

मालखेड़ा थाना क्षेत्र में कॉलेज की छात्रा से रेप होने के 7 दिन बाद तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने पर छात्रा ने जहर खा लिया। 4 अप्रैल को रेप हुआ। 9 अप्रैल को कोर्ट में बयान हुए। 12 अप्रैल को छात्रा ने जहर खा लिया। इसके बाद उसी दिन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा व परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपी को बचाने में लगी रही। पहले शांति भंग में पकड़कर छोड़ दिया। जबकि एसपी आनंद शर्मा का कहना है कि प्रक्रिया के अनुसार आरोपी को समय पर गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट में बयान होने के तीसरे दिन अरेस्ट भी कर लिया। तुरंत कोई किसी के खिलाफ रेप की रिपोर्ट दर्ज कराने पर गिरफ्तार नहीं कर सकते। तय प्रक्रिया को फॉलो करना जरूरी होता है। एसपी आनंद शर्मा के अनुसार छात्रा की तबीयत खतरे से बाहर है।



### मुकदमें के अनुसार यह है घटना

मालाखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव की कॉलेज छात्रा 4 अप्रैल को अपनी बहन व परिवार के साथ खेत में गेहूं की कटाई करने गई थी। देर शाम काम करने के बाद दो बहनें साथ घर आने लगी। तभी एक बहन कुएं पर यानी खेत में नहाने के लिए रुक गई। उसके बाद आरोपी 23 साल का युवक पप्पू वहां पहुंचा। उसने जबरदस्ती छात्रा से रेप किया। उसके मुंह में कपड़े ठूंस दिए। जिसके कारण वह बेहोश हो गई। जब छात्रा घर नहीं पहुंची तो वापस उसकी बहन देखने आई। तब वह कुएं पर बेहोश मिली। उसके बाद परिवार के लोग आए। छात्रा को होश आने के बाद घटना को लेकर मालाखेड़ा थाना पुलिस को रिपोर्ट दी।

### पहले शांति भंग में पकड़ कर छोड़ा

पुलिस ने बताया कि छात्रा के मामले में रिपोर्ट 4 अप्रैल को ही दर्ज कर ली थी। 9 अप्रैल को कोर्ट में बयान कराए गए थे। उसके बाद छात्रा ने 12 अप्रैल को जहर खा लिया। उसी दिन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छात्रा के पिता के अनुसार अगले दिन ही पुलिस को रेप के मामले में रिपोर्ट दी। लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को पहले शांति भंग में पकड़ कर छोड़ दिया था। जिसके कारण छात्रा और परेशान रही। छात्रा ने भी बयान दिया कि वह घटना के बाद घबरा गई थी।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।